

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-018 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

### परिसीमन समेत 3 अन्य संशोधन विधेयक भी पेश,कांग्रेस ने उठाए सवाल, विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली,16 अप्रैल।** विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पेश कर दिया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिला आरक्षण और परिसीमन समेत 3 संशोधन बिल पेश कर दिया है। महिला आरक्षण संशोधन बिल का उद्देश्य 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पूरी तरह लागू करना है। महिला आरक्षण संशोधन बिल के साथ ही डिलिमिटेशन बिल यानी परिसीमन विधेयक भी पेश कर दिया गया है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने संशोशदन विधेयक पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, बीजेपी संविधान को हाईजैक करना चाहती है। उन्होंने बिल को वापस लेने की मांग की। वहीं, विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष के सवालों का जवाब दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी ने बिल का विरोध किया है। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, 'महिला बिल की चासनी के नाम पर जो हाल



कश्मीर और असम का हुआ है, वही पूरे देश के साथ करने का प्रयास है। हम विपक्ष की ओर से इसका विरोध करेंगे। जब तक पिछड़े वर्ग और मुस्लिम वर्ग की महिलाएं शामिल नहीं की जाएंगी, तब तक इसका विरोध करेंगे। बिल को वापस लिया जाए। 2023 के बिल को लागू किया जाए।

अमित शाह बोले- अध्यक्ष जी सदन की कार्रवाई को पूरा देश देख रहा है। कुछ बयान ऐसे किए गए जो जनता में चिंता पैदा कर रहे हैं। अखिलेश पूछ रहे हैं जनगणना क्यों नहीं हो रही है। मैं देश को बताना चाहता हूं जनगणना जारी है। उन्होंने कहा हम जातीय जनगणना की मांग करेंगे। मैं बताना चाहता हूं कि सरकार इसका भी निर्णय ले चुकी है। जाति के साथ ही यह जनगणना हो रही है। धर्मेंद्र जी कह रहे हैं कॉलम नहीं है। उनको पता होना चाहिए कि अभी घरों की गिनती हो रही है और घरों की जाति नहीं होती है। जब लोगों की जनगणना होगी तो जाति की भी गणना होगी। आपने जो नियम 72 की खिड़की के बारे में बताया है उसका इस्तेमाल कर धर्मेंद्र यादव ने किया है। मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण गैर संवैधानिक है, इसका सवाल ही पैदा नहीं होता

#### परिसीमन को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम: किरेन रिजिजू

लोकसभा में नारी वंदन शक्ति संशोधन बिल पेश होने से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम लोगों ने पूरी तैयारी की है। आज बहुत अच्छी बहस होगी। मेरा विश्वास है कि हर पार्टी अपना-अपना पक्ष रखेगी। मुख्य मुद्दा यह है कि महिलाओं को आरक्षण देना। लोकसभा और विधानसभाओं में भारत की महिलाओं को 33% आरक्षण देना। सामान्य सीट से भी महिलाएं चुनकर आ सकती हैं, लेकिन 33% आरक्षण देने के बाद भारत के लिए यह ऐतिहासिक हो जाएगा। भारत दुनिया में मिसाल कायम करेगा कि हम महिलाओं के लिए कितना बड़ा कदम उठा रहे हैं। इस पर विरोध होने की आवश्यकता नहीं है। परिसीमन या अन्य विषयों को उठाकर महिला आरक्षण को गिराने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। परिसीमन को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। इससे किसी को नुकसान नहीं है, जो संसद में साफ भी हो जाएगा। चर्चा में सरकार की ओर से सभी बातें खुलकर सामने आएगी लेकिन कुछ पार्टियों ने दक्षिण भारत में परिसीमन के संबंध में गलत संदेश फैलाने का प्रयास किया है.

#### लोकसभा में 18 घंटे तो राज्यसभा में 10 घंटे चर्चा

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संविधान (131वां संशोधन) बिल और परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल पेश करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 बिल पेश करेंगे। इन पर चर्चा के लिए 18 घंटे का समय तय किया है। इसके बाद राज्यसभा में 10 घंटे चर्चा होगी। पीएम मोदी कल ही चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकते हैं।

## राज्यसभा उपाध्यक्षों के पैनल में फूलो देवी नेताम शामिल

**नई दिल्ली,16 अप्रैल।** राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उपाध्यक्षों के पैनल (उपसभापतियों की समिति) का पुनर्गठन किया है। उपाध्यक्षों के पैनल में भाजपा, कांग्रेस, एआईएडीएमके और बीजेडी के छह सदस्यों को नामित किया गया है। समिति छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम भी शामिल किया गया है। पुनर्गठित पैनल में फूलो देवी नेताम के अलावा भाजपा से दिनेश शर्मा, एस फांगनोन कोन्याक और घनश्याम तिवारी; एआईएडीएमके से एम. थंबीदुरई; और बीजेडी से सस्मित पात्रा शामिल हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, 'राज्यसभा के सभापति ने 15 अप्रैल 2026 से उपसभापतियों की समिति का पुनर्गठन किया है, जिसमें दिनेश शर्मा, एस फांग्नोन कोन्यक, एम थंबीदुरई, सस्मित पात्रा, फूलो देवी नेताम और घनश्याम तिवारी जैसे सदस्य शामिल हैं। उपसभापति के रिक्त पद को भरने के लिए चुनाव 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगा, जिसमें हरिवंश नारायण सिंह को इस पद के लिए फिर से मनोनीत किए जाने की संभावना है। हरिवंश नौ अप्रैल को अपनी सेवानिवृत्ति तक लगातार दो कार्यकालों के लिए राज्यसभा के उपसभापति रह चुके हैं। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया और वह शपथ भी ले चुके हैं।

## भारत को बड़ा झटका,रूस से सस्ता तेल खरीद पर संकट

**नई दिल्ली,16 अप्रैल।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि अमेरिका ईरानी और रूसी तेल पर छूट की अवधि नहीं बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि हम रूसी तेल के लिए सामान्य लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करेंगे। न ही ईरानी तेल के लिए सामान्य लाइसेंस का नवीनीकरण करेंगे। यह वह तेल था जो 11 मार्च से पहले पानी में था। इसलिए इसका पूरा उपयोग हो चुका है।

इन कदमों से संकेत मिलता है कि ट्रंप प्रशासन अब प्रतिबंधों में छूट का उपयोग करके तेल की आपूर्ति बढ़ाने और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों को कम करने का प्रयास नहीं करेगा। इन प्रतिबंधों में मिली छूट का भारत को बड़ा फायदा हुआ था क्योंकि इनकी वजह से नई दिल्ली होर्मुज स्ट्रेट के आस-पास पैदा हुई रुकावटों के बावजूद रूसी तेल की खरीद जारी रख सका। इन रुकावटों के कारण समुद्र में कई जहाज फंस गए थे।

## गर्मी के कारण स्कूलों में छुट्टी का फैसला

**रायपुर,16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों में देखा जा रहा है। ऐसे में सरकार ने सभी स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया है। प्रदेश के सभी स्कूल 20 अप्रैल से 15 जून तक बंद रहेंगे। प्रदेश में इन दिनों लोग गर्मी से हलाकान है। अप्रैल में ही मई-जून वाली गर्मी पड़ रही है। ऐसे में स्कूली बच्चों के परिजन यह मांग कर रहे थे कि इतनी गर्मी में बच्चों को क्यों स्कूल बुलाया जा रहा है। यह बात जब लोगों से होते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव तक पहुंची तो उन्होंने मामले को तत्काल संज्ञान लिया और उन्होंने शिक्षा मंत्री से चर्चा की। दोनों के बीच हुई बातचीत में सरकार ने फैसला लिया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश को इस बार 1 मई की जगह 20 अप्रैल से ही प्रदेश में लागू किया जाए। इतनी गर्मी में स्कूल लगाना ठीक नहीं है। आने वाले सोमवार 20 अप्रैल से पूरे प्रदेश के स्कूल बंद रहेंगे। आदेश राज्य सरकार किसी भी वक्त जारी कर सक्ती है बता दें कि सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई 2026 से प्रभावी होना था, अब वह अवकाश 20 अप्रैल 2026 से लागू होकर 15 जून तक जारी रहेगा। प्रदेश में अप्रैल माह में ही जबरदस्त गर्मी पड़ रही है। ऐसे में बच्चों के सेहत पर इसका बुरा प्रभाव न पड़े इसकों देखते हुए राज्य सरकार ने ग्रीष्मकालीन अवकाश को समय से पहले ही प्रदेश में घोषित कर दिया है।

## व्हाइट हाउस ने साफ-साफ कहा- ईरान ने सीजफायर बढ़ाने का रिक्वेस्ट नहीं किया है, समुद्री प्रतिबंध लगे रहेंगे

**वाशिंगटन,16 अप्रैल।** अमेरिका ने साफ-साफ शब्दों में अभी के लिए सीजफायर को 2 हफ्ते से अधिक बढ़ाने के लिए अनुरोध करने की खबरों को खारिज कर दिया है. व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने कहा कि सुबह मैंने कुछ गलत रिपोर्टिंग देखी, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका ने औपचारिक रूप से सीजफायर बढ़ाने का अनुरोध किया है. यह बात सच नहीं है. ईरान से जुड़े समुद्री प्रतिबंध ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर लागू होगा. अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सीजफायर बढ़ाने की खबरों को व्हाइट हाउस ने खारिज कर दिया है. व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया है. सब सिर्फ केवल अफवाह है. अमेरिका और ईरान तनाव के बीच सीजफायर को लेकर तरह-तरह अटकलें सामने आ रही हैं. मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि सीजफायर की डेडलाइन बढ़ाई जा सकती है. इसी बीच, व्हाइट हाउस ने इन दावों को साफ तौर पर खारिज कर दिया है. बुधवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि ऐसी रिपोर्टें सही नहीं हैं, जिनमें दावा किया गया था कि वॉशिंगटन ने औपचारिक रूप से ईरान के साथ जारी सीजफायर को बढ़ाने की मांग की है. ईरान की नाकेबंदी पर सोशल मीर्डि या प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा, "इसे पूरी तरह से लागू कर दिया गया है, और इसे ईरान के बंदरगाहों में आने या वहां से जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर लागू किया जा रहा हैह्व इसमें अरब खाड़ी और ओमान की खाड़ी के सभी ईरानी बंदरगाह शामिल हैं."लेविट ने कहा कि अमेरिका मौजूदा माध्यमों के ज़रिए ईरान के साथ बातचीत में लगा हुआ है.

## दक्षिण भारत के हर राज्य का सरकार ने दूर किया भ्रम

**नईदिल्ली,16 अप्रैल।** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने दक्षिण भारत के हर राज्य का ख्याल रखा है। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार भी केरल की सीटें सिर्फ 20 से बढ़कर 23 ही होतीं, लेकिन अब यह आंकड़ा 30 होगा। इस तरह उनका कोई नुकसान नहीं होगा बल्कि उनके हितों की रक्षा ही की जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की लोकसभा सीटों का अनुपात नए सिरे से होने वाले परिसीमन में कम हो सकता है। महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर ऐसी आशंकाएं जाहिर की जा रही हैं, लेकिन सरकार ने आज लोकसभा में हर भ्रम को दूर कर दिया। भाजपा के सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि दक्षिण भारत के किसी भी राज्य का कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी जनगणना से लिंक कर लें तो परिसीमन की स्थिति में साउथ इंडिया का ही नुकसान होता, लेकिन इस संशोधन विधेयक से ऐसा कुछ नहीं होगा। सीधे तौर पर 50 फीसदी सीटें हर राज्य में बढ़ाने का फैसला ऐतिहासिक है और सभी के साथ न्याय करने वाला है। उनकी बात से स्पष्ट है कि 2011 या फिर नई जनगणना के आधार पर परिसीमन नहीं होगा बल्कि यह 2002 में हुए परिसीमन में सीधे तौर पर 50 पर्सेंट का इजाफा होगा। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि केरल की आज 20 सीटें हैं। यदि 2027 की जनगणना के आधार पर ऐसा किया गया तो उसकी 14 सीटें ही रह जाएंगी। अब यदि महिला आरक्षण लागू हुआ तो वेणुगोपाल के पास ही केरल में सीट नहीं रहेगी। इसलिए सरकार का यह फैसला है कि किसी राज्य का नुकसान ना हो। उसने केरल की 6 सीटों को तो बचाया ही है, उसका हिस्सा भी बनाकर रखा है। यहां तक कि जनगणना के आंकड़ों की बात करें तो उसका हिस्सा ज्यादा ही रहेगा। होम मिनिस्टर अमित शाह ने सभी राज्यों के हितों की रक्षा करने की बात कही। अभी की स्थिति में तो सरकार ने केरल की सीटें बढ़ाकर 30 कर दी हैं। उन्होंने कहा कि अब यदि तमिलनाडु की बात करें तो वहां पर यदि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन हुआ तो फिर वहां 39 की बजाय 49 सीटें ही रहतीं, लेकिन इस सरकार ने 59 का प्रस्ताव रखा है। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि इन लोगों की कोई तैयारी ही नहीं थी। अब ये लोग समझना भी नहीं चाहते हैं क्योंकि उनका इरादा बहस का नहीं बल्कि सिर्फ विरोध का है। केरल की सीट सिर्फ 23 होतीं और अब उसे 30 मिल रही हैं। आंध्र प्रदेश को 37 सीटें मिलने वाली हैं। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि इस परिसीमन के बाद भी दक्षिण भारत के राज्यों का अनुपात 23.9 फीसदी ही रहेगा। यही पहले भी था।

#### महिलाओं को 272, कुल सीट 815 और हर राज्य में 50 फीसदी इजाफा

नई दिल्ली,16 अप्रैल। इन राज्यों की ओर से जनसंख्या नियंत्रण की नीति का पालन करने की सजा होगी। वहीं इस पर सरकार ने सभी चिंताओं को दूर करने की कोशिश की है। संसद में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयकों को लेकर कहा कि लोकसभा में सीटों की कुल संख्या 815 होगी और महिलाओं के लिए 272 यानी एक तिहाई सीटें रिजर्व रहेंगी। इसी तरह सभी राज्यों में सीटों में 50 फीसदी का इजाफा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा और पहले जैसा ही अनुपात बना रहेगा। इस तरह उन्होंने स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि सभी राज्यों की ताकत जस की तस रहेगी और उन्हें परिसीमन को लेकर किसी तरह से चिंतित होने की जरूरत नहीं है। इस बीच आंध्र प्रदेश के विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस ने समर्थन की बात भी कह दी है। वाईएसआर कांग्रेस ने कहा कि हमने सरकार से परिसीमन के बारे में लिखित में जानकारी मांगी है। यदि सीधे तौर पर सभी राज्यों में 50 फीसदी सीटें बढ़ रही हैं तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम इस विधेयक का समर्थन करेंगे। वहीं कर्नाटक के भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन से किसी राज्य का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों में लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, लेकिन कहीं कुछ गलत नहीं होगा।

## माइक बंद होने की शिकायत पर बिरला ने राहुल गांधी से कहा -'सिर्फ आपका बंद होता है'

**नई दिल्ली,16 अप्रैल।** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस के दौरान, राहुल गांधी द्वारा केसी वेणुगोपाल के माइक पर संदेह जताए जाने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने तंज कसा। बिरला की टिप्पणी, 'सिर्फ आपका माइक बंद होता है,' राहुल गांधी के उन पुराने आरोपों पर एक सीधा कटाक्ष था, जिसमें उन्होंने संसद में विपक्ष की आवाज दबाने का दावा किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को संसद में उस समय मजाक किया जब सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संक्षेप में इस बात पर संदेह जताया कि क्या कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल का माइक काम कर रहा था। संसद के विशेष सत्र के दौरान, वेणुगोपाल ने सदन में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के प्रस्ताव के पीछे सरकार के इरादे पर सवाल उठाए और पूछा कि इसे 2024 में लागू क्यों नहीं किया गया। इसी दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए और आपत्ति जताई कि बिना चर्चा किए विधेयक की खूबियों पर सवाल कैसे उठाया जा सकता है।जब लोकसभा अध्यक्ष वेणुगोपाल को सदन की कार्यवाही समझाना शुरू कर रहे थे, तभी विपक्ष के किसी सदस्य ने सबसे पहले यह सवाल उठाया कि क्या सांसद का माइक चालू है। एक नेता ने कहा, "माइक ही म्यूट था।" राहुल गांधी ने भी माइक की ओर इशारा करते हुए कहा, "माइक नहीं चल रहा है।" इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा, "चालू है माइक चालू है, आपका ही बंद होता है।" स्पीकर ओम बिरला की टिप्पणी राहुल गांधी के उन आरोपों की ओर इशारा करती प्रतीत होती है, जिनमें उन्होंने कहा था कि संसद में विपक्षी नेताओं के बोलने के दौरान माइक बंद कर दिए जाते हैं।

2023 में ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान, गांधी ने अपने संबोधन में आरोप लगाया था कि संसद में विपक्ष की आवाज दबा दी जाती है और उन्होंने यह भी कहा था कि उनका माइक कई बार बंद कर दिया गया था।

## देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है जनगणना : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 16 अप्रैल.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान संचालित हो रहा है और छत्तीसगढ़ में भी आज से ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना को आधुनिक और डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो सके।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती है, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे

## सुशासन तिहार को लेकर साय ने कलेक्टरों को लिखी चिट्ठी

**रायपुर,16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी "सुशासन तिहार 2026" के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर इस अभियान सफल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुशासन की आधारशिला है तथा आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गत वर्ष आयोजित सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष इसे और अधिक व्यापक रूप में संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून 2026 तक प्रदेशभर में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे। अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। जनसम्पर्क विभाग एवं जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि सुशासन तिहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों से अपेक्षा की है कि वे आवश्यक अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे प्रदेश के आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

#### साय ने बिहार के मुख्यमंत्री को दी बधाई

**रायपुर,16 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री चौधरी के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से बिहार में तीव्र प्रगति सुनिश्चित होगी।

## 32 बैलों के अवैध परिवहन मामले में हाईकोर्ट का अनोखा फैसला

**बिलासपुर,16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने वर्ष 2016 में सरायपाली क्षेत्र में 32 बैलों के अवैध परिवहन से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में आरोपियों की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उनकी सजा में मानवीय आधार पर संशोधन किया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि चूंकि अभियुक्त मवेशियों के अंतरराज्यीय परिवहन के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे, इसलिए निचली अदालत द्वारा उन्हें दोषी ठहराया जाना पूरी तरह उचित है। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि घटना 10 साल पुरानी है और उस वक्त आरोपियों की उम्र महज 20 से 22 वर्ष थी, साथ ही उनका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। इन परिस्थितियों को देखते हुए उच्च न्यायालय ने अभियुक्तों को राहत देते हुए उनकी एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा को घटाकर "उतनी अवधि" कर दिया है जितनी वे पहले ही जेल में काट चुके हैं, लेकिन इसके साथ ही प्रति आरोपी जुर्माने की राशि को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।

# पांडातराई मंडल अध्यक्ष गोस्वामी ने सेवा सहकारी समिति कार्यालय का किया उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा, 16 अप्रैल। पंडरिया विधानसभा के लोकप्रिय उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कुशल नेतृत्व व सफल प्रयास के फलस्वरूप नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित रैतापारा का वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी व सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप जी* के कर कमलों से संपन्न हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथि श्री प्रदीप पुरी गोस्वामी जी ने फीता काटकर सेवा सहकारी समिति मर्यादित रैतापारा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री रविशंकर चंद्रवंशी जी जनपद सभापति सहकारिता विभाग, श्री विष्णु चंद्रवंशी जी अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मोहगांव, श्री परमेश्वर चंद्रवंशी जी पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, महेंद्र चंद्रवंशी मंडल उपाध्यक्ष, महामंत्री द्वय श्री भागीरथी साहू जी,रविशंकर चंद्रवंशी जी, योगेश बंजारे जी मंडल मंत्री,श्री निरंजन चंद्रवंशी जी, काय. सदस्य, श्री रमेश केशरवानी जी कार्य सदस्य, श्री मनोज बंजारे जी मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, श्री रसीद बघेल जी जिला सहसंयोजक, एवं अन्य भाजपा मंडल/मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी गण तथा श्री जलेश चंद्रवंशी जी, श्री रूपेश चंद्रवंशी जी, श्री द्वारिका चंद्रवंशी जी, श्री शेष नारायण चंद्रवंशी जी सरपंच,सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव के समिति प्रबन्धक एवं स्टॉप के सभी कर्मचारी गण, भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, ग्रामवासी नागरिकगण एवं क्षेत्रवासी सम्माननीय अन्नदाता किसान बंधु, व ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित रैतापारा के शुभारंभ सभी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप जी तथा उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना दीदी जी का आभार व्यक्त किया। इससे क्षेत्र के किसानों को धान बिक्री, खाद बीज, द्मष्ठ आदि कार्यों में पर्याप्त सुविधा मिलेगी।

## एक नजर

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 16 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले आरोपी को छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी से पूछताछ में मंगलसूत्र तोड़कर सोने की पत्तियां रखने का तरीका उजागर हुआ है इस मामले में एक अन्य आरोपी फरार है छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि के समय अज्ञात ने उसके मकान के पीछे के दरवाजे से प्रवेश कर सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया प्रकरण में धारा 296, 351(3), 115(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर संदेही आरोपी ज्ञान दास गर्ग को पकड़कर पूछताछ की उसने अपने साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ प्रार्थिया के घर में पीछे के दरवाजे से प्रवेश कर मंगलसूत्र चोरी कर लिया था तथा बाद में उसे तोड़कर सोने की पत्तियां रख ली एवं शेष भाग नाले में फेंक दिया आरोपी की निशानदेही पर सोने की पत्तियां बरामद की गई हैं प्रकरण में दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### अवैध शराब, 5 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 16 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई अवैध शराब परिवहन में संलिप्त 5 आरोपियों को नंदिनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लाखों की सामाग्री जब्त की है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है? अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि नंदिनी थान क्षेत्र के मुखबीर से अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर कुल 5 आरोपियों मुंशी राम पारधी (50 साल ) निवासी घटियाखुर्द, राजेन्द्र पाल (45 साल ) निवासी ग्राम खमतराई थाना बेरला, संदीप वर्मा (27 साल ) निवासी ग्राम खमतराई थाना बेरला, देवा बांधे (51 साल ) निवासी ग्राम भरनी थाना धमधा और जागेश्वर गायकवाड (22 साल ) निवासी ग्राम ओटेबंद थाना नंदिनी नगर को पकड़ा गया पहली कार्रवाई में बीएसपी मेनगेट के पास एक आरोपी को मोटर साइकिल में 42 पौवा देशी मदिरा के साथ पकड़ा गया दूसरी कार्रवाई में पथरिया रोड ग्राम पाटिया तिराहा के पास 02 आरोपियों को 60 पौवा देशी मदिरा सहित पकड़ा वहीं तीसरी कार्रवाई में अन्य 2 आरोपियों को 32 पौवा देशी मदिरा के साथ गिरफ्तार किया है।

### मोटर साइकिल चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 16 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने अंतरजिला मोटर साइकिल चोर गिरोह का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिल जब्त की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी रामेश्वर यादव निवासी कोसा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 अप्रैल की रात उसके घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल यामाहा को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि संदेही मनीष दास बैरागी अपने साथियों के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम घेराबंदी कर संदेहियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने मोटर साइकिल चोरी करना तथा एक अन्य मोटर साइकिल को लक्ष्मी नगर क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में धारा 112 (2) बीएनएस जोड़ी गई एवं आरोपियों मनीष दास बैरागी (21 साल ) निवासी अटल आवास नेहरू नगर सुपेला, साजन बैरागी (20 साल ) निवासी अटल आवास नेहरू नगर सुपेला व लक्ष्य साहू (19 साल ) निवासी अटल आवास नेहरू नगर सुपेला को गिरफ्तार किया है ।

# संविधान के शिल्पकार को जिला पंचायत परिवार ने किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,16 अप्रैल।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज के उत्थान, शिक्षा एवं नारी सम्मान जैसे विषयों पर आधारित रहा। उन्होंने हमेशा समाज को सही राह दिखाई और दुनिया के सबसे बड़े संविधान को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना समावेशी विकास का मार्ग है। हम सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर उनके सपनों का भारत बनाने के लिए कार्य करें। अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को लाभ पहुंचाना ही बाबा साहेब के सपनों का भारत है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों एवं सभी चुनौतियों को पार करते हुए शिक्षा के अलख से पूरे समाज को जगाया। भारतीय संविधान जो पूरे विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है उसकी रचना की।आज समाज का प्रत्येक वर्ग विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहा है और यह संभव हुआ है बाबा साहेब के दिखाएं मार्ग अनुसार। अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल, विधायक प्रतिनिधि कवर्धा भूखन साहू ने भी अपने विचार वक्त किए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के लेखा अधिकारी श्री भानु प्रताप नेताम,उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मिलकर संविधान के शिल्पकार को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

# आयुक्त ने वार्ड-30 प्रगति नगर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर में नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन-3 क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित सीमेंटीकरण सड़कों एवं सामुदायिक सुलभ शौचालय का जायजा लेते हुए संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जलेबी चौक से लिंक रोड के पास निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किया। यह सड़क नागरिकों को बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। इसके साथ ही टाटा लाइन कैम्प-02 क्षेत्र में निर्माणाधीन सीसी रोड एवं सामुदायिक सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। पुराने शौचालय के जर्जर होने के कारण उसे हटाकर नया निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान एक स्थानीय नागरिक द्वारा अतिरिक्त भूमि पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने निर्माणाधीन निगम के सामुदायिक भवन का अवलोकन करते हुए निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सुभाष चौक, प्रगति नगर में नव-निर्मित सड़क का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम एवं उप अभियंता दीपक देवांगन उपस्थित रहे।

### जनगणना 2027 के लिए निगम का जागरूकता अभियान

**भिलाई, 16 अप्रैल।** जनगणना 2027 के अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण कार्य को सफल बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को जनगणना के महत्व से अवगत कराने एवं सर्वेक्षण कार्य में सहयोग हेतु प्रेरित करने के लिए मुनादी कराई जा रही है। विभिन्न वार्डों में मुनादी के माध्यम से लोगों को सूचित किया जा रहा है कि वे सर्वेक्षण दल को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे जनगणना कार्य सुचारू रूप से पूर्ण हो सके। इस अभियान के तहत निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो क्षेत्रवार निगरानी करते हुए जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वेक्षण कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। निगम प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करें और अपने घरों में आने वाले सर्वेक्षण कर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

### अंवरी में किये गए बाबा साहेब याद

**अंवरी,16 अप्रैल।** ग्राम अंवरी में संविधान निर्माता, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्म जयंती मनाया गया द्य इस अवसर पर विनय पटेला, टिकेश्वर कुमार, विनय कुमार , चेतन कुमार ,अरुण, भोज लहरे, जितेश जांगड़े, प्रिंस पटेला, सरताज पटेला,भावेश, मंयक, अरविंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# पावर हाउस कैंप से दो युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 16 अप्रैल। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में गोवा के कैलांगुटे क्षेत्र में हुए हत्या करने वाले दो आरोपी छिपे मिले गोवा पुलिस पावर हाउस कैंप से दो युवकों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले गई वहीं दूसरी तरफ राजस्थान पुलिस भी छावनी थाना क्षेत्र में किसी मामले में जांच पड़ताल कर रही है गोवा पुलिस के अनुसार 29 मार्च को एक मकान में गुजरात निवासी राजभर रविनारायण रामदासभाई (29 साल ) की हत्या कर दी इस मामले मेंआरोपी मध्यप्रदेश निवासी कोमल बारस्कर (28 साल ) को पकड़ा और पूछताछ में पता चला कि छत्तीसगढ़ भिलाई के युवक गोवा में किराए का मकान लेकर ऑनलाइन बैटिंग ऐप का संचालन कर रहे थे राजभर और कोमल उसमें नौकरी कर रहे थे कैसीनों में ऑनलाइन बेटिंग के पैसे की लेनदेन को लेकर विवाद हुआ एक अन्य एंगल यह भी सामने आया है कि मृतक की गर्लफ्रेंड की न्यूड फोटो को लेकर आरोपियों की अश्लील कमेंट्स से विवाद बढ़ा है कहासुनी में आरोपी ने गुस्से में आकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था इधर गोवा से एक एसआई और दो आरक्षक पहुंचे लोकल पुलिस की मदद से आरोपी अदित्य प्रसाद और भावदीप साहू को गिरफ्तार कर लिया। ट्रांजिट रिमांड लिया और उन्हें लेकर गोवा चले गए। इधर एक अन्य मामले में राजस्थान पुलिस छावनी थाना क्षेत्र में पहुंची। जहां आसपास के एरिया में तहकीकात कर रही है क्राइम डीएसपी यदुमणि सिदार ने बताया कि गोवा की पुलिस आई थी अपने साथ दो युवकों को ले गई। वहीं अब राजस्थान की पुलिस किसी मामले में छावनी पहुंची है मामले में पूरी जानकारी के लिए छावनी थाना प्रभारी अमित अंदानी को फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# पीलिया प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का सर्वे अभियान जारी

**दुर्ग, 16 अप्रैल ।** वार्ड-67 सेक्टर-7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 15 अप्रैल 2026 को डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग एवं डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में श्री विजय सेजुले, सुपरवाइजर, श्री हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। आज प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 110 घरों का भ्रमण किया गया, जिसमें कोई भी पीलिया से ग्रसित नए मरीज नही मिले। इस प्रकार उक्त संक्रमित क्षेत्र में आज दिनांक तक कुल 37 पीलिया के मरीज मिले, जिनमें से 03 पुराने मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, भिलाई में उपचाररत है। 01 पुराना मरीज़ पल्स हॉस्पिटल भिलाई से डिस्चार्ज हुए, इस प्रकार कुल भर्ती मरीज 03 है । उक्त प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम भिलाई की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लक्षणयुक्त मरीजों व अन्य अतिआवश्यक जांच की जा रही है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

सर्वे के दौरान पानी नगर निगम भिलाई द्वारा सप्लाई किया जा रहा है, पाइप लाइन को बदला जा रहा है। बीएसपी भिलाई द्वारा पीलिया प्रभावित क्षेत्रों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी, जिला सर्वालेंस नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के द्वारा निरीक्षण किया गया। विकासखंड प्रशिक्षण अधिकारी, राजेंद्र डाहरे रिसाली, रोहित मंडले, पर्यवेक्षक, लैब टेक्नीशियन दीपक चंद्राकर रिसाली, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पंकज राठौर, एमपीडब्ल्यू प्रिंस पीयूष टंडन, रमा शंकर यादव, पंकज राठौर अनिल धीमर उपस्थित रहे।पीलिया हेतु पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रकट होते है। पीलिया के प्रमुख लक्षण भूख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ ऊपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना।

# तालाबों को सूखने से बचाने नहरों से भरा जा रहा पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





भिलाई, 16 अप्रैल। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 25 तालाबों के जलस्तर को बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। तालाबों को सूखने से बचाने हेतु नहरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, जिससे जलस्तर को संतुलित रखा जा सके। निगम द्वारा नियमित रूप से सफाई कर्मियों के माध्यम से तालाबों की साफ-सफाई भी कराई जा रही है, ताकि जल स्रोत स्वच्छ एवं उपयोगी बने रहें। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि तालाबों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे गिरते जल स्तर को रोका जा सके। भीषण गर्मी के चलते कई तालाबों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जबकि कुछ तालाब सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से पानी छोड़ा गया है, जो छोटे-बड़े नहरों से होते हुए तालाबों तक पहुंच रहा है। निगम प्रशासन का यह प्रयास न केवल जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और शहर की सुंदरता को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## समाचार संक्षेप

### उतई में मनाई गई भीमराव अम्बेडकर की जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 16 अप्रैल ।** नगर कांग्रेस कमेटी उतई के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई सभी ने संविधान के अनुरूप जीवन यापन एवं कार्य करने के लिए संकल्प लिया एवं संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम पार्षद द्वारका साहू पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा पूर्व एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू मंडल उपाध्यक्ष भावेश साहू महिला कार्यकर्ता उसलेखा साहू हुलसी वर्मा ललिता बांधे कांग्रेस कार्यकर्ता गुलशन शर्मा शुभम बमभोले जिला महामंत्री जामवंत गजपाल अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दीपशिखा विद्यालय में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 16 अप्रैल ।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में विद्या आरम्भ संस्कार का कार्यक्रम महिला युवा मंडल रचनात्मक प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उतई द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के जी वन के जी टू क्लास 1, 2 से 140 बच्चों का विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ संस्कार पूर्ण किए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक शिक्षा, अच्छी आदतों एवं संस्कारों का बीजारोपण, पढ़ाई के प्रति जागरूकता ,माता - पिता एवं गुरुजनों के प्रति आदर भावना के साथ-साथ श्रेष्ठ महान व्यक्तित्व के धनी बने, आदि का विकास करना। इस संदेश कार्यक्रम में युवा मंडल के आचार्य भैया युवराज साहू ने अपने ज्ञानवर्धक गीत, संगीत एवं रोचक कहानियों के माध्यम से बच्चों को उनके कर्तव्यों का बोध कराते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी महिला युवा मंडल, रचनात्मक प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उतई के बहनों एवं उपस्थित सदस्यों को इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए पुनः आमंत्रित करते हुए उनका आभार प्रदर्शन किए।कार्यक्रम का संचालन जोहन साहू युवराज साहू, श्रीमती गोदावरी साहू, श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती दानेश्वरी देशमुख, श्रीमती अरुणा साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, श्रीमती प्रभा साहू ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन एवं संबंधित शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किए।

### बीएसपी में 150 अप्रेंटिस का इंडक्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई स्टील प्लांट में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) के अंतर्गत 150 नए अप्रेंटिस का इंडक्शन किया गया। यह पहल स्किल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अप्रेंटिस को कोपा, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर एवं आरएसी जैसे ट्रेड्स में ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें व्यावहारिक अनुभव, आधुनिक उपकरणों एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं की तकनीकी दक्षता और रोजगार क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं।

### मूर्तिकार अंकुश देवांगन सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 अप्रैल।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन को पाटन देवांगन समाज द्वारा बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टर यशवंत देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पाटन देवांगन समाज के अध्यक्ष राजकुमार देवांगन, उपाध्यक्ष छविष्याम देवांगन, सचिव राकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष सुनील देवांगन एवं अनिल देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### माइन सेफ्टी फोर्टनाइट-2025 में राजहरा माइन्स प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 अप्रैल।** माइन सेफ्टी फोर्टनाइट-2025 का समापन अंबुजा सीमेंट प्लांट, रावन में हुआ। प्रतियोगिता में सेल की खदानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राजहरा व दल्ली माइन्स ने 5-5 पुरस्कार जीते, जबकि महामाया माइन्स दूसरे स्थान पर रही। अन्य खदानों ने भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। समग्र प्रदर्शन के आधार पर राजहरा माइन्स को ओवरऑल प्रथम पुरस्कार मिला।

### एसएमएस-3 में रिकॉर्ड उत्पादन, एक दिन में 60 हीट्स

**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 ने 12 अप्रैल 2026 को एक दिन में 60 हीट्स का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। दो कन्वर्टरों के संचालन के साथ हासिल यह उपलब्धि उल्लेखनीय रही। कन्वर्टर 'बी' ने 31 हीट्स पूरे कर अपना पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इस दौरान कुछ इकाइयों में मरम्मत कार्य जारी होने के बावजूद टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा ने टीम के समर्पण और समन्वय की सराहना की।

# वीआईपी रोड फार्महाउसों में खुलेआम हुक्का पार्टी, युवक कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग



**रायपुर, 16 अप्रैल।** प्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला ने रायपुर कमिशनरेट प्रणाली पर उठाया सवाल और तेलीबांधा थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन। रायपुर के वीआईपी रोड स्थित फार्महाउसों में चल रही अवैध नशे की पार्टियों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों से इन फार्महाउसों में रईसजादों द्वारा खुलेआम हुक्का एवं शराब का सेवन करते हुए पार्टियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

भावेश शुक्ला ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रकार की गतिविधियाँ प्रशासन की जानकारी के बावजूद खुलेआम संचालित हो रही हैं। इससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है कि कानून का पालन केवल आम लोगों के लिए है, जबकि प्रभावशाली लोगों को संरक्षण प्राप्त है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रायपुर में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद भी तालिबंदा क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है, जबकि दूसरी ओर गरीब या सामान्य वर्ग के लोग यदि छोटी-सी गतिविधि भी करते हैं तो उन पर तत्काल कार्यवाही कर दी जाती है। यह दोहरी नीति बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसी प्रतिष्ठित एनजीओ की आड़ में इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्रदेश युवक कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उसमें शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान कर सार्वजनिक किया जाए तथा संबंधित आयोजकों एवं फार्महाउस मालिकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही, वीआईपी रोड क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने और यदि किसी प्रकार का संरक्षण दिया जा रहा है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

भावेश शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 2 दिनों के भीतर इस मामले में ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है, तो प्रदेश युवक कांग्रेस संबंधित सभी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक करेगी और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन देने के दौरान प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, प्रवक्ता शुभम, लक्षित, मृगेंद्र जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर ख़ान अतीक मेमन, मो हसान, आशीष बाजपेयी, खुशराज ढिल्लन, जिशान मो, अनिकेत महतो, साहिल, कृष्णा, चंदन शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### महिलाओं को दी गई बच्चों में कुपोषण दूर करने की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 16 अप्रैल।** वार्ड क्रमांक 4 के आंगन बाड़ी में पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यकर्ता कल्पना व साहिका सरस्वती ने मिलकर अपने वार्ड क्रमांक 4 के माहिलाओ व हितग्रहिओं को जानकारी दी कुपोषण को कम करना गर्भवती महिलाओं स्तनपान करने वाली माता व बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार संतुलित आहार के बारे में जागरूकता फैलाना स्वच्छता हुआ स्वास्थ्य संबंधी आदतों को बढ़ावा देना बच्चो का वजन किया व लम्बाई भी मापी गई इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मुकुंद भी शामिल रहे और सभी बहनो का धन्यवाद किया की कार्यक्रम में शामिल हो कर अपना व बच्चों की स्वच्छता और स्वास्थ्य को गंभीरता से लिया।

## एक नजर

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से सशक्त होगा लोकतंत्र : ठाकुर

**राजनांदगांव, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रकल्प प्रदेश



संयोजक (कृषि शिक्षा एवं नवाचार) विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने महिलाओं को 33त्न आरक्षण प्रदान किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, मजबूत एवं प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी मिलने से न केवल उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि नीति निर्माण में भी उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को उचित प्रतिनिधित्व देना लंबे समय से अपेक्षित था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया है।

### विविध भारती से फरमाइशी कार्यक्रम बंद होने पर श्रोताओं में आक्रोश




**राजनांदगांव, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आकाशवाणी के लोकप्रिय चैनल विविध भारती, मुंबई द्वारा मन चाहे गीत, आपकी फरमाइश, पत्रावली जैसे फरमाइशी कार्यक्रम बंद किए जाने से रेडियो श्रोताओं में गहरी नाराजगी है। विभिन्न श्रोता संघो प्रसार भारती से इन कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने की मांग की है। सिमगा श्रोता संघ ने बताया कि विविध भारती सेवा ने ईमेल, एस एम एस, पोस्ट कार्ड आधारित सभी फरमाइशी कार्यक्रम बंद कर दिए हैं। श्रोता संघ का कहना है कि सबसे ज्यादा रेडियो श्रोता छत्तीसगढ़ में ही है जो आल इंडिया रेडियो के सभी स्टेशनों से जुड़े हुए हैं और समय समय पर अपनी प्रतिक्रिया भेजते रहते हैं विविध भारती मुंबई श्रोताओं के सुझावों पर ध्यान नहीं दे रहा है यह श्रोताओं संग अन्याय हो रहा है, विभिन्न श्रोता संघो ने इन सभी कार्यक्रमो को फिर से शुरू करने की मांग की है।

### दीपका में एटक यूनियन का शक्ति प्रदर्शन, निकाली बाइक रैली

**कोरबा 16 अप्रैल।** जिले के कोयलांचल क्षेत्र दीपका में एटक यूनियन द्वारा केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा (छत्तीसगढ़ राज्य) का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विनोद यादव और अजय राठौर के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिक और यूनियन पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान दीपका खदान क्षेत्र के लगभग 150 ठेका श्रमिकों ने बी. धर्मा राव के नेतृत्व में एटक यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इससे यूनियन को क्षेत्र में नई मजबूती मिलने की बात कही जा रही है। इस अवसर पर दीपका अध्यक्ष बी. धर्मा राव, केंद्रीय सुरक्षा समिति सदस्य पंकज गर्ग, सजल मित्र, गोपाल यादव,मुकेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव विनोद कुमार यादव, क्षेत्रीय जेसीसी सदस्य अजय राठौर, परियोजना सचिव संतोष कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष भारत लाल साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।इसके अलावा सुनील कुमार नायक, महेंद्र कांत, रणविजय सिंह, गजाधर राठौर, दीपक यादव, जान सिंह कुमार, घासीराम भारद्वाज, सावंत कुमार, जफर मेमन, राजू प्रसाद शुक्ला, टीकाराम पटेल सहित अन्य ठेका श्रमिकों ने सीटू से अलग होकर एटक यूनियन की सदस्यता ली।

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने ली अपराध समीक्षा बैठक

# अनुविभागीय पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने दिए गए महत्पूर्ण निर्देश



- आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग को प्राथमिकता देने तथा बेहतर समन्वय एवं कार्यकुशलता पर दिया विशेष जोर
- जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, आमजन को हेलमेट उपयोग एवं यातायात नियमों के पालन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश
- प्रभावी पुलिसिंग, अपराधियों की घरपकड़ एवं विवेचना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना/चौकी प्रभारियों का समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उनके द्वारा आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष एवं प्रभावी पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया तथा सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय एवं कार्यकुशलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि थाना स्तर के कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संज्ञेय अपराधों में समय पर एफआईआर दर्ज करने, गंभीर अपराधों की विवेचना वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कराने तथा विलंब से बचने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा चौक-चौराहों पर शराब के नशे में हुड़दंग एवं गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सतत् भ्रमण करने, ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर सूचित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना/चौकी प्रभारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों के मार्गदर्शन एवं समस्याओं के समाधान हेतु नियमित सुपरविजन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही नेटग्रिड जैसे तकनीकी कार्यों के लिए जिले में मल्टीपल स्टाफ तैयार कर कार्यभार संतुलित रखने के निर्देश दिए। तकनीकी सुदृढ़ीकरण के तहत सीसीटीएनएस योजनांतर्गत एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ऑनलाइन माध्यम से संबंधित अस्पतालों तक भेजने, एनसीआरबी द्वारा विकसित ई-समंस समन्वय पोर्टल, साइबर क्राइम पोर्टल (NCCRP), Netgrid, JCCTP एवं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए।

भावना गुप्ता द्वारा बैठक में अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। समयबद्ध प्रकरणों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। कम्यूनिटी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, आमजन से सतत संवाद स्थापित करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने एवं विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन एवं सरप्राइज चेकिंग के माध्यम से वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए गए। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। बैठक के दौरान अपराध अनुसंधान, अपराधियों की धरपकड़, जांच एवं विवेचना कार्यों में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## दो भाइयों ने रची थी झूठे मामले में फंसाने का षडयंत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



■ प्रार्थी ने शपथपत्र सहित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राघवेंद्र सिंह को बताया निर्दोष

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** जिले में चर्चित मामले में सच सामने आया है द्य दो भाइयों ने रची थी पत्रकार राघवेंद्र सिंह को झूठे मामले में फंसाने का षडयंत्र रचा था, मामले में प्रार्थी चोलेश साहू ने स्वयं आगे आकर शपथपत्र और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राघवेंद्र सिंह को निर्दोष बताया है। प्रार्थी ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर बताया कि ऋषि शुक्ला एवं आशीष शुक्ला ने बार बार बुला कर जमीन आदि काम का निपटारा कराने बहाने बुलवाया था जहां राघवेंद्र सिंह के साथ भाई चारा के लेनदेन को अनैतिक रूप से शिकायत पत्र तैयार कर दोनों भाइयों ने मुझसे धोखे से हस्ताक्षर कराकर पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, थाना प्रभारी कसडोल में शिकायत जमा करवा दी गई द्य प्रार्थी को जब एसडीओपी पुलिस कार्यालय से बयान के लिए फोन आया तब उन्हें पूरी घटना समझ में आई जिसके बाद प्रार्थी ने ऋषि शुक्ला से इस बारे में चर्चा की तो दोनों भाइयों ने जबरन उसे एसडीओपी पुलिस कार्यालय ले जाकर बिना सहमति के राघवेंद्र सिंह के विरुद्ध बयान करा दिया गया जिसकी पुष्टि कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज व मौजूदा स्टॉफसे की जा सकती हैं उक्त सभी बातें प्रार्थी चोलेश साहू ने अपने शपथ पत्र में उल्लेख कर विभिन्न कार्यालयों सहित पत्रकारों को भी सौंपी है। इतना ही नहीं, प्रार्थी ने आरोप लगाया कि उनसे जबरन आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करवाए गए और राघवेंद्र सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। दोनों भाइयों ने पूर्व में भी ओमकार हॉस्पिटल बलौदाबाजार से मिलकर इस प्रकार षडयंत्र रचा गया था जिसकी कार्यवाही अभी भी शेष हैं उसके बावजूद बार बार दोनों भाई ऐसी हरकत कर जिससे पत्रकारिता जगत में आक्रोश का माहौल है।

# सीएम ने 39 नवीन बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का किया वर्चुअल शुभारंभ

### जिले के किसानों को आसानी से मिलेगी खाद-बीज और अल्पकालीन ऋण सुविधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों को धरातल पर उतारने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिले के 39 नवीन प्राथमिक कृषि साख समितियों सहित पूरे प्रदेश में कुल 515 सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश के सभी नई सहकारी समितियों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इन नई समितियों के गठन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों की पहुंच सीधे सरकारी सुविधाओं तक सुगम हो जाएगी।

इन समितियों के माध्यम से अब किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र और ऋण जैसी बुनियादी कृषि सुविधाएं एक ही छत के नीचे आसानी से प्राप्त हो सकेंगी। अब किसान अपनी उपज, जैसे धान, चना, सोयाबीन, सरसों और मसूर को पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक तरीके से बेच सकेंगे। सरकार का यह कदम न केवल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करेगा, बल्कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। विशेष बात यह है कि इन समितियों को अब 'बहुद्देशीय' स्वरूप दिया गया है, जिससे यह केवल किसानों तक सीमित न रहकर आम नागरिकों के लिए भी लोक सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करेंगी। ग्रामीण अब इन केंद्रों पर बिजली बिल का भुगतान, टिकट बुकिंग, मोबाइल रिचार्ज, ऑनलाइन आवेदन और बी-1, खसरा-नक्शा निकालने जैसे आवश्यक कार्य सरलता से पूर्ण कर सकेंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का 'कॉप ऑफ द मंथ' के रूप में चयन

# एसपी ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में उत्कृष्ट एवं साहसिक कार्य, अपराध विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़ में प्रशंसनीय एवं अपना विशेष योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए माह अप्रैल-2026 में 04 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को COP OF MONTH के रूप में चुना गया है।

4 अप्रैल को थाना भाटापारा शहर में की गई कार्रवाई के दौरान आईपीएल क्रिकेट मैंच में ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया कि। प्रकरण में COP OF THE MONTH के रूप में चयनित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी नेतृत्व, कुशल विवेचना एवं आपसी सामंजस्य का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में दबिश देकर ऑनलाइन क्रिकेट मैच आनलाइन सट्टा संचालित करने वाले अंतराज्यीय संगठित गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों के कब्जे से लगभग 50 लाख रुपए कीमत मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी जप्त किया गया। ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अपराध अनुसंधान के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए निम्नांकित अधिकारी कर्मचारियों को अप्रैल माह-2026 के लिए COP OF THE MONTH के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया है।

जिनमें निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा शहर, सहायक उप निरीक्षक नवीन शुक्ला प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, प्रधान आरक्षक 318 प्रवीण पांडे थाना भाटापारा ग्रामीण, आरक्षक 772 कृष्णा जांगड़े थाना भाटापारा शहर हैं।

# कृषकों को संतुलित उर्वरक एवं जल संचयन के बारे में दी गई जानकारी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में विकासखंड भाटापारा में कृषकों के लिए संतुलित उर्वरक एवं जल संचयन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को संतुलित उर्वरक प्रयोग कर कल्चर, बायोफर्टिलाइजर के उपयोग एवं जल संचयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय ने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से जहां उत्पादन में वृद्धि होती है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। शासन के निर्देशानुसार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से जैव उर्वरक एवं हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि मिट्टी की उर्वरता क्षमता बढ़े और किसानों की लागत में कमी आए। नील हरित काई धान फसल हेतु नाइट्रोजन का उत्तम स्रोत है, जो 25-30 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की पूर्ति करता है। यह हवा से नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाती है, जिससे रासायनिक यूरिया की बचत होती है और उपज में 5-10 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना रहती है। इसके उपयोग से मृदा में कार्बनिक पदार्थों तथा अन्य पौध वृद्धि वर्धक रसायनों जैसे ऑक्सिन, जिबरेलिन, फइटोहॉर्मोन, इण्डोल एसिटिक एसिड आदि की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे मृदा की जल धारण क्षमता में सुधार होता है। धान की खेती में नील हरित काई का उपयोग ब्यासी एवं रोपा पद्धति दोनों में लाभदायक होता है। धान की ब्यासी स्थिति में चलाने के बाद अथवा रोपा वाले खेत में धान के पौधों को रोपने के 6 से 10 दिन के भीतर, नील हरित काई के 12-15 किलोग्राम सूखे चूर्ण को पूरे खेत में छिड़ककर उपयोग किया जाता है। उपयोग से पूर्व खेत में आवश्यकता से अधिक पानी निकालकर 8-10 सेमी पानी बनाए रखें तथा यह पानी कम से कम 15-20 दिनों तक स्थिर रखा जाए, जिससे काई का विकास एवं फैलाव सुचारू रूप से हो सके।

कार्यक्रम में कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कृषकों को उन्नत खेती अपनाने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र बंजारे, आत्मा स्टाफसे ज्योति वर्मा, मुकेश तिवारी एवं अंकिता अग्रवाल सहित ग्राम मोपकी एवं पौसरी के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दलहन-तिलहन फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन 20 अप्रैल तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम -आशा) के अन्तर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। कृषक अपनी संबंधित सहकारी समिति में 20 अप्रैल 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। गिरदावरी के लिए अपने क्षेत्र के पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से फसल रकबा सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। पीएम-आशा के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत् जिले में 5 उपार्जन केंद्रों प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, अमेरा, धुर्राबांधा, कसडोल एवं सिमगा का नाम शासन द्वारा अधिसूचित किया गया है। जिले में अब तक 1028 कृषकों द्वारा कुल 1146.98 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन चना, मसूर एवं सरसों विक्रय हेतु किया गया है। योजनांतर्गत उपार्जन केन्द्र बलौदाबाजार, अमेरा एवं धुर्राबांधा समिति में खरीदी शुरू हो गई है। जिसमें 47 कृषकों द्वारा 339.50 क्विंटल फसलों का उपार्जन किया गया है। प्रधानमंत्री-अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलहन एवं तिलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और दलहन एवं तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है।

# डिग्री मतलब रोजगार की गारंटी नहीं है

रोजगार दो क्षेत्रों में मिला करता है। एक सरकारी क्षेत्र और दूसरा निजी क्षेत्र।सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित होते हैं लेकिन ज्यादातर लोग सरकारी नौकरी चाहते हैं और अवसर सीमित होने के कारण सबको सरकारी नौकरी मिलती नहीं है। सरकारी नौकरी की मांग ज्यादा है, इसलिए उसके प्रतिस्पर्धा भी सबसे ज्यादा है।जो प्रतिस्पर्धा मे सफल होते हैं, उनको सरकारी नौकरी मिलती है।निजी क्षेत्र मे सरकारी से ज्यादा रोजगार के मौके होते हैं। आदमी के पास किसी भी तरह की योग्यता है, जिसकी निजी क्षेत्र में मांग है तो वहां उसको काम की कमी नहीं है।यही वजह है निजी क्षेत्र में देश के सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। कई लोग इसलिए उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं कि उनके पास उच्च शिक्षा की डिग्री होगी तो नौकरी तो मिल ही जाएगी। लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि जिनके पास उच्च शिक्षा की डिग्री है उनको भी नौकरी नही मिलती है। यानी डिग्री या उच्चशिक्षा की डिग्री होने का मतलब यह नहीं है कि नौकरी मिलने की गारंटी है।छत्तीसगढ़ के रोजगार कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक तो १५ लाख शिक्षित बेरोजगार है,इनमें से ४.७ लाख युवाओं के पास उच्च शिक्षा की डिग्री है,लेकिन उनको नौकरी नहीं मिल रही है। बीई,बीटेक,आईटीआई डिप्लोमा कर बेरोजगारों की संख्या ३.५९ लाख है।उनके पास स्किल है लेकिन उनको नौकरी नहीं मिल रही है। बताया जाता है उनके पास वो स्किल नही है, जिसकी बाजार में मांग है। कोई भी प्रदेश हो वहां शिक्षा व रोजगार के बीच असंतुलन गंभीर समस्या है।शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ने से राज्य में शिक्षित युवाओं की संख्या तो बढ़ती है लेकिन शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के उतने अवसर नहीं बढ़ते हैं। ऐसे में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रयास करना पड़ता है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बहुत है, लाखो करोड़ों लोगों को रोजगार मिला भी हुआ है।निजी क्षेत्र में सीधा सा गणित होता है कि जैसी योग्यता की बाजार में मांग है, वैसी योग्यता है तो युवाओं को बहुत पैसा मिलता है। औसत योग्यता वालों को उतना ही मिलता है जितना औसत योग्यता वालों को मिलना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि सरकार शिक्षित व श्रमिक वर्ग के लिए कुछ नहीं करती है। सरकार के प्रयास से ही यह तय होता है कि किस पद पर कितना वेतन मिलेगा,कुशल,अकुशल व अर्धकुशल श्रमिक को कम से कम कितना पैसा मिलना चाहिए। इसके बाद भी कई क्षेत्रों में लोगों को तय पैसा भी नहीं मिलता है। निजी क्षेत्र मे बहुत से लोगों को कम वेतन में काम करना पड़ता है क्योंकि उनके पास विकल्प नहीं होता है।कई क्षेत्र में लोगों से ज्यादा वेतन पर्ची पर हस्ताक्षर करवा कर कम पैसे दिए जाते हैं।कई जगह सरकार द्वारा घोषित वेतनमान नहीं दिया जाता है। वेतनमान न देना पड़े इसलिए संविदा में काम कराया जाता है। आदमी चाहे कम वेतन मे काम करे,संविदा में काम करे,उसका शोषण तो होता है तो इसके लिए सरकार को लोग दोषी ठहरा सकते हैं। लेकिन यह भी समझने की जरूरत है कि बेरोजगारों की संख्या बढ़ जाती है,बहुत होती है तो उनकी मांग कम हो जाती है। यानी श्रम सस्ता हो जाता है, यानी ज्यादा पैसा नहीं मिलता है।भारत में लोगों को काम का ज्यादा पैसा नहीं मिलता है यह एक समस्या है यानी इसे जहां श्रमिकों के नजरिए से देखा जाए तो उनको ज्यादा पैसा न मिलना एक समस्या तो है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भारत में श्रम सस्ता होना एक ऐसी विशेषता है कि दूसरे देशों के उद्योगपति यहां कारखाने लगाने आ रहे हैं। यानी भारत मे श्रम सस्ता होने के कारण भारत का औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है।यानी जितने कल कारखाने देश व राज्यो मे लगेगे लोगों को आने वाले दिनों में उतना ही रोजगार मिलेगा। श्रमिक अशांति फैलाने वालों को समझने की जरूरत है कि रोजगार सबको तब ही मिलेगा जब देश में उद्योग लगेंगे,उद्योग तब ही किसी देश में लगते हैं जब वहां शांति होती है।

**होर्मुज़ संकट 2026**

# अमेरिकी नाकेबंदी, चीनी चुनौती और वैश्विक शक्ति- संतुलन का निर्णायक मोड़

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया में 15 अप्रैल 2026 को उत्पन्न घटनाक्रम ने वैश्विक राजनीति को एक बार फिर अस्थिरता के मोड़ पर ला खड़ा किया है। स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ पर अमेरिकी नाकेबंदी,चीनी टैंकरों की सक्रियता,ईरान-अमेरिका के बीच तनाव औरइस्लामाबाद में असफल कूटनीतिक वार्ताओं ने मिलकर एक ऐसा संकट पैदा कर दिया है,जिसका प्रभाव केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक है।यह स्थिति केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं,बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून,ऊर्जा सुरक्षा और महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का प्रतीक बन चुकी है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 21वीं सदी की राजनीति अब केवल संवाद से नहीं, बल्कि शक्ति-संतुलन और रणनीतिक दबाव से संचालित हो रही है। एडवोकेट किस सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि इस बीच भारतीय पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति 14 अप्रैल 2026 को हुई 40 मिनट की बातचीत इस संकट के बीच भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है।भारत,जो ऊर्जा आयात पर निर्भर है,इस स्थिति से सीधे प्रभावित हो सकता है। इस वार्ता में ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और रणनीतिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत ने हमेशा संतुलन कारी नीति अपनाई है और इस संकट में भी वह कूटनीतिक समाधान की दिशा में प्रयास कर सकता है। यह भारत के लिए एक अवसर भी है कि वह वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को और मजबूत करे। साथियों बात अगर हम होर्मुज़ का भू-राजनीतिक महत्व ऊर्जा की जीवनरेखा पर नियंत्रण को समझने की करें तो, स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से प्रतिदिन लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल और गैस का परिवहन होता है। यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और इसके दोनों ओर ईरान और ओमान स्थित हैं। इस क्षेत्र पर नियंत्रण का अर्थ है वैश्विक ऊर्जा बाजार पर प्रभाव, और यही कारण है कि अमेरिका, चीन और ईरान जैसे देश यहां अपनी रणनीतिक उपस्थिति बनाए रखते हैं। होर्मुज़ पर किसी भी प्रकार की नाकेबंदी या सैन्य गतिविधि का सीधा असर तेल की कीमतों, वैश्विक व्यापार और आर्थिक स्थिरता पर पड़ता है, जिससे यह क्षेत्र विश्व राजनीति का केंद्र बन जाता है।

साथियों बात अगर हमअमेरिकी नाकेबंदीः रणनीतिक दबाव या अंतरराष्ट्रीय विवाद इसको समझने की करें तो अमेरिका ने यूनाइटेड स्टेट्स नेवी के माध्यम से ईरानी पोर्ट्स पर दबाव बनाने के लिए




नाकेबंदी लागू की, जिसमें 10,000 से अधिक सैनिक, कई युद्धपोत और दर्जनों एयरक्राफ्ट शामिल किए गए। इस नाकेबंदी का उद्देश्य ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय गतिविधियों के कारण आर्थिक और सामरिक रूप से कमजोर करना था। हालांकि, इस कदम ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं, क्योंकि किसी भी अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग में एकतरफा नाकेबंदी को वैध नहीं माना जाता। यूरोपीय देशों ने भी इस कदम का समर्थन नहीं किया, जिससे अमेरिका की कूटनीतिक स्थिति कमजोर हुई और यह स्पष्ट हुआ कि यह कदम केवल सामरिक नहीं, बल्कि राजनीतिक जोखिम से भी भरा हुआ है। साथियों बात अगर हम ट्रंप की रणनीतिः सफलता और विफलता का मिश्रण इसको समझने की करें तो, ट्रम्प द्वारा लागू की गई नाकेबंदी रणनीति को पूरी तरह सफल या विफल कहना कठिन है। एक ओर जहां कई जहाजों को वापस लौटना पड़ा और ईरान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ, वहीं दूसरी ओर कुछ टैंकर नाकेबंदी को पार करने में सफल भी रहे। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह रणनीति आंशिक रूप से प्रभावी है,लेकिन इसमें कई कमजोरियां भी हैं।इसके अलावाअंतरराष्ट्रीय समर्थन की कमी और कानूनी विवादों ने इस योजना की विश्वसनीयता को प्रभावित किया है। इस स्थिति में ट्रंप प्रशासन को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो सकती है, ताकि वह अधिक प्रभावी और वैध तरीके से अपने उद्देश्यों को सटीक रूप से प्राप्त कर सके।

साथियों बात अगर हम चीनी टैंकर की चुनौतीः वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत इसको समझने की करें तो 15 अप्रैल 2026 को चीनी टैंकर रिच स्टैरी अमेरिकी नाकेबंदी को पार करने में असफल रहा,जबकि एक दिन पहले वह सफलता पूर्वक गुजर गया था। यह घटना न केवल अमेरिकी रणनीति की सीमाओं को दर्शाती है, बल्कि चाइना की बढ़ती वैश्विक भूमिका का भी संकेत देती है। यह टैंकर यूनाइटेड अरब अमीरात के हमरियाह पोर्ट से चला था और इसमें भारी मात्रा में मेथेनॉल लोड था। चीन का यह कदम स्पष्ट करता है कि वह अमेरिकी प्रतिबंधों और दबावों को चुनौती देने के लिए तैयार है और अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए जोखिम उठाने को भी तैयार है। यह घटना एक बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष की ओर संकेत करती है, जिसमें आर्थिक हित और रणनीतिक प्रभुत्व दोनों शामिल हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका बनाम चीनःएक नए शीत युद्ध की आहट को समझने की करें तो यूनाइटेड स्टेट्स और चाइना के बीच होर्मुज़ में बढ़ता तनाव एक नए शीत युद्ध की शुरुआत का संकेत दे रहा है। यह संघर्ष केवल सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और तकनीकी भी है। चीन, ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है, जबकि अमेरिका अपने प्रतिबंधों और सैन्य शक्ति के माध्यम से उसे रोकने की कोशिश कर रहा है। यह टकराव वैश्विक शक्ति संतुलन को बदल सकता है और आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय कर सकता है। इस संघर्ष में अन्य देश भी अपनी-अपनी रणनीतियों के साथ शामिल हो सकते हैं, जिससे यह स्थिति और बहुत हीजटिल हो सकती है।

साथियों बात अगर हम 1953 का ऐतिहासिक संदर्भः अतीत की छाया को समझने की करें तो 1953 ईरानीयन कपल डीटट का उल्लेख इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दर्शाता है कि ईरान पर बाहरी दबाव और हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। उस समय भी तेल और सत्ता के लिए संघर्ष हुआ था, और आज भी वही मुद्दे केंद्र में हैं। अंतर केवल इतना है कि अब इस संघर्ष में चीन जैसे नए खिलाड़ी शामिल हो गए हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। यह ऐतिहासिक संदर्भ यह भी बताता है कि ऐसे संघर्षों का समाधान केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि कूटनीति और सहयोग से ही संभव है। साथियों बात अगर हम इस्लामाबाद वार्ता की विफलताः कूटनीति की सीमाएं इसको समझने की करें तो इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान वार्ता, जिसे जेडी वैन्स ने नेतृत्व किया, 21 घंटे तक चली लेकिन अंततः असफल रही। इस विफलता का मुख्य कारण ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने से इनकार और अमेरिका की कठोर शर्तें थीं। इस असफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि वर्तमान परिस्थितियों में कूटनीति की सीमाएं हैं और दोनों पक्षों के बीच विश्वास की कमी है। इस स्थिति में नाकेबंदी जैसे कठोर कदमों का सहारा लिया गया, जिसने तनाव को और बढ़ा दिया। साथियों बात अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभावः ऊर्जा संकट और बाजार अस्थिरता इसको समझने की करें तो होर्मुज़ संकट का सबसे बड़ा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज परिवार वालों के साथ समय बीतेगा। कुछ दिनों से परिवार में चल रही किसी समस्या का समाधान आज मिल सकता है जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य की योजना बनाने में सफल होंगे और मेहनत का पूरा फायदा भी मिलेगा। सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। आज व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको किसी अच्छी कंपनी से इंटरव्यू के लिए कॉल आ सकता है। आज आपको रोजगार के कई अवसर मिलेंगे।

मिथुन राशिः आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझन में रहेंगे, लेकिन अपनों की मदद से राहत महसूस करेंगे। ऑफिस में आज आपका काम काफी बढ़ सकता है। जरूरत से ज्यादा काम होने से थकान महसूस हो सकती है। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाना पड़ सकता है।

कर्क राशिः आज आप सोच-विचार में डूबे रहेंगे। इस राशि के जो लोग कम्प्यूटर के क्षेत्र से जुड़े है, आज उन्हें कार्यक्षेत्र को बढ़ाने में रुकावट महसूस हो सकती है। बेहतर होगा कि अपनी सफलता की राह में दूसरों को बीच में न आने दें। आर्थिक मामलों को लेकर किसी व्यक्ति से आज रोचक बात हो सकती हैं। आज आपके स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ हो सकता है। आपके लिए व्यक्ति मददगार हो सकता है। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आप जिससे मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी। इस राशि के विवाहित आज जीवनसाथी को ट्रिप या डिनर पर ले जाने के लिए सरप्राइज दे सकते हैं।

कन्या राशिः आज किस्मत आपका साथ देगी। आज रूका हुआ काम आज आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में आज सीनियर से बातचीत करने से सहयोग प्राप्त होगा, साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे के कई नये अवसर प्राप्त हो सकते है। पारिवारिक माहौल आज खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज उन परिस्थितियों में पडऩे से बचें, जिनमें आप असुविधा महसूस करते हैं। आज अपनी सोच को सकारात्मक बनाये रखें और फीजूल की बातों में पडऩे से बचें। अगर आप किसी नये काम की शुरुआत कर रहे हैं, तो आज पूरा दिन व्यस्त रह सकते हैं। आज कदम उठाने में जल्दबाजी न करें। आज के दिन किसी से नोक झोंक करने से बचें। अच्छा रहेगा की आज आप सोच समझ कर बोले।

वृश्चिक राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं या दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के छात्र अगर आज किसी इंटरव्यू के लिये जा रहे हैं, तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। आज आपको सभी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज अचानक धन लाभ हो सकता हैं। आज अपने करियर को लेकर थोडा चिंतित हो सकते है। आज परिवार के सहयोग से आपके सारे काम बन जायेंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। जिस अवसर की पिछले कई दिनों से आपको तलाश थी, वो आज किसी करीबी की मदद से मिल सकता है। बॉस आज आपके काम से खुश हो सकते है। आज अपने खास काम निपटाने के लिहाज से दिन बहुत अच्छा है। इस राशि के लवमेट आज कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अगर आज आप कुछ ख़ास काम करना चाहते है, तो जरूर करें वह जरूर सफल होगा। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभाएंगे। आज अचानक धन लाभ हो सकता है। आज हर काम को ध्यान से करेंगे, तो अच्छा रहेगा। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज समाज में अपना नाम बनाने के कई अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आज मनोरंजन का मौका मिल सकता है।

मीन राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका खर्च बढ़ सकता है। आज कामकाज के मामले में थोड़े सुस्त रहेंगे। आज पुराने लेन देन को अनदेखा न करें। आज घर में किसी मेहमान के आने की संभावना है, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा। आज आप पैसों को लेकर थोडें चिंतीत रह सकते है।वकीलों के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा, किसी पुराने केस पर जीत हासिल हो सकती है।

## सू- दोकू क्र.010

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -010

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | बा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

**झोला वाले बाबाओं से सावधानी ज़रूरी**

# आस्था के नाम पर फैलते छल से बचकर ही सुरक्षित रहेगी किसान की मेहनत

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



उत्तर भारत के गाँवों में गेहूँ की कटाई केवल एक मौसम नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव होती है। यह वह समय है जब किसान की महीनों की तपस्या, धूप में जले हाथ, सर्द रातों की पहरेदारी और अनिश्चित मौसम के साथ लड़ी गई जंग अंततः रंग लाती है। खेतों में झूमती सुनहरी बालियाँ किसी साधारण फसल का दृश्य नहीं, बल्कि आशा, संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रतीक होती हैं। जब यही फसल कटकर घर के आँगन में ढेर बनाती है, तो वह केवल अनाज नहीं होती—वह पूरे साल की सुरक्षा होती है, बच्चों की पढ़ाई का आधार, बीमारियों में सहारा, और भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने की ताकत होती है। घर की महिलाएँ उस अनाज को सहेजती हैं, साफ करती हैं, सुखाती हैं और बड़े जतन से उसे भंडार में रखती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि यही दाने आने वाले समय में घर की नींव को मजबूत बनाए रखेंगे।

लेकिन इस सुनहरे और संतोष भरे दृश्य के साथ ही एक ऐसी परछाईं भी गाँव की गलियों में उतरने लगती है, जो धीरे-धीरे इस खुशी को कम करने लगती है। यह परछाईं है झोली लेकर घूमने वाले तथाकथित बाबाओं और मोड़ों की, जो इसी मौसम का इंतजार करते हैं। जैसे ही अनाज घरों में आता है, ये लोग अचानक गाँवों में दिखाई देने लगते हैं। उनके वस्त्र, उनका रूप और उनकी वाणी सब कुछ इस तरह से रचा गया होता है कि वे श्रद्धा के पात्र प्रतीत हों। माथे पर तिलक, सिर पर पटका या टोपी, रंग-बिरंगे कपड़े और हाथ में एक झोली—यह सब मिलकर एक ऐसा रूप तैयार करते हैं, जिसे देखकर सामान्य ग्रामीण सहज ही प्रभावित हो जाता है। वे घर-घर जाकर दरवाजे पर खड़े होते हैं और मीठे शब्दों में आशीर्वाद देते हैं—"भगवान भला करेगा", "माता रानी कृपा बनाए रखे"—और बदले में कुछ अनाज या पैसे की अपेक्षा रखते हैं।

गाँवों में दान और सेवा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है, जो आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करती है। खासकर महिलाएँ इस परंपरा को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे घर की दहलीज पर खड़ी होकर आने-जाने वालों का स्वागत करती हैं और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान देती हैं। उनके लिए यह केवल एक सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि आस्था का हिस्सा होता है। लेकिन यही आस्था कई बार उनकी कमजोरी बन जाती है, जब कुछ लोग इसका लाभ उठाने लगते हैं। एक घर से दी गई एक मुट्ठी गेहूँ शायद बहुत छोटी बात लगती है। देने वाले को लगता है कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन यही प्रक्रिया जब पूरे गाँव में दोहराई जाती है, तो यह छोटी-छोटी मुट्ठियाँ मिलकर एक बड़े ढेर में बदल जाती हैं। दिन भर में सैकड़ों घरों से इकट्ठा किया गया अनाज शाम तक एक बड़ी मात्रा में पहुँच जाता है। इसके बाद यह अनाज अक्सर बाजार में बेच दिया जाता है, और उससे प्राप्त धन का उपयोग जरूरी जरूरतों के बजाय नशे, जुए या अन्य अनुचित गतिविधियों में होने की शिकायतें सामने आती हैं। इस प्रकार, जो अनाज किसान ने अपने खून-पसीने से उगाया था, वह धीरे-धीरे ऐसे हाथों में चला जाता है जहाँ उसका सम्मान नहीं होता।

यह केवल आर्थिक नुकसान की बात नहीं है, बल्कि यह विश्वास के टूटने की कहानी भी है। जब कोई व्यक्ति धर्म और आस्था का सहारा लेकर किसी की मेहनत का लाभ उठाता है, तो वह केवल संसाधनों की चोरी नहीं करता, बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी कमजोर करता है। इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब होती है जब कुछ लोग दान न देने पर डराने-धमकाने का सहारा लेते हैं। "अगर दान नहीं दिया तो अनिष्ट होगा", "घर में अशांति आ जाएगी"—ऐसे शब्द केवल अंधविश्वास को बढ़ावा नहीं देते, बल्कि लोगों के मन में अनावश्यक भय भी पैदा करते हैं। यह भय खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को प्रभावित करता है, जो पहले से ही धार्मिक मान्यताओं से गहराई से जुड़े होते हैं।

हालाँकि, इस पूरी तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। समाज में ऐसे लोग भी हैं जो वास्तव में जरूरतमंद हैं—बुजुर्ग, विकलांग या ऐसे व्यक्ति जिनके पास जीवनयापन का कोई साधन नहीं है। उनके लिए भिक्षा माँगना कोई विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी होती है। उनके चेहरे पर बनावटीपन नहीं, बल्कि संघर्ष और थकान की सच्चाई झलकती है। इसलिए हर झोली लेकर आने वाले व्यक्ति को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। यही वह बिंदु है जहाँ विवेक और संवेदनशीलता दोनों की आवश्यकता होती है। समस्या का समाधान केवल विरोध में नहीं, बल्कि समझदारी में छिपा है। सबसे पहले, जागरूकता आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों को यह समझाना जरूरी है कि दान केवल भावना के आधार पर नहीं, बल्कि सोच-समझकर किया जाना चाहिए। खासकर महिलाओं को यह सिखाना जरूरी है कि वे किसी भी प्रकार के डर या दबाव में आकर निर्णय न लें। यदि कोई व्यक्ति जबरदस्ती करता है या डराने की कोशिश करता है, तो उसका विरोध करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर पड़ोसियों या पंचायत की सहायता लेनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है दान की दिशा को सही करना। यदि किसी के मन में देने की भावना है, तो उसे उन लोगों तक पहुँचाना चाहिए जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। गाँव में ऐसे कई परिवार होते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, जिनकी मदद से उनका जीवन बेहतर हो सकता है। विधवाएँ, बुजुर्ग, अनाथ बच्चे या शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े जरूरतमंद लोग—ये वे स्थान हैं जहाँ दान का वास्तविक प्रभाव पड़ता है। इससे न केवल संसाधनों का सही उपयोग होता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और विश्वास भी मजबूत होता है। तीसरा, सामूहिक निर्णय की शक्ति को समझना जरूरी है। यदि पूरा गाँव मिलकर यह तय कर ले कि घर-घर घूमकर अनाज देने की परंपरा को सीमित किया जाएगा, तो इस समस्या का समाधान अपने आप निकल सकता है। अकेले व्यक्ति के लिए मना करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन जब पूरा समुदाय एक साथ खड़ा हो, तो स्थिति बदल जाती है। सामूहिक जागरूकता और एकजुटता ही ऐसे शोषण के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। अंततः यह मुद्दा केवल अनाज का नहीं है, बल्कि उस सम्मान का है जो किसान अपनी मेहनत से अर्जित करता है। खेत में बहाया गया पसीना केवल पानी नहीं, बल्कि उसके जीवन का एक हिस्सा होता है। उस पसीने से उगा हर दाना अनमोल होता है और उसका सम्मान करना हर समाज का कर्तव्य है। उसे किसी भी प्रकार के छल, दबाव या अंधविश्वास के कारण व्यर्थ जाने देना न केवल आर्थिक हानि है, बल्कि आत्मसम्मान का भी नुकसान है। आस्था हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन आस्था का अर्थ अंधविश्वास नहीं होता। सच्ची आस्था वही है जो विवेक के साथ चलती है, जो सही और गलत के बीच अंतर कर सके। जब आस्था के नाम पर कोई हमारी मेहनत का शोषण करने लगे, तो उसे पहचानना और उससे बचना ही सच्ची समझदारी है। इसलिए समय की मांग है कि हम अपनी परंपराओं का सम्मान करें, लेकिन आँख बंद करके नहीं। हमें अपने समाज, अपने संसाधनों और अपनी मेहनत की रक्षा के लिए जागरूक और सतर्क रहना होगा। क्योंकि अंत में, वही समाज आगे बढ़ता है जो अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, लेकिन बदलते समय के साथ अपनी सोच को भी विकसित करता है। और जब यह समझ हमारे भीतर विकसित हो जाएगी, तब शायद गेहूँ की यह सुनहरी फसल केवल खेतों में ही नहीं, बल्कि हमारे विचारों में भी लहलहाएगी—सम्मान, जागरूकता और विवेक के साथ।

महार समाज ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया

# हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा साहब डॉ अंबेडकर की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर,16 अप्रैल।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर सर्व समाज द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में भी हर्षोल्लाह के साथ रैली निकाल कर आम सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सर्व समाज के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान लोग डीजे की धुन पर तिरकते रहे। आमसभा में समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया।

पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब ने समाज को शिक्षा की ताकत और संगठन के महत्व के बारे मे अवगत कराया है। यदि समाज शिक्षित और संगठित होगा, तो उसे अपने अधिकार प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि शिक्षा को प्राथमिकता देने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है।जिसमें युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से ही युवक-युवतियाँ अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि दलितों के प्रणेता बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर जी ने संविधान के माध्यम से समाज के शोषित और वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने में सबसे ज्यादा मदद किया है। समाज के सभी लोगों को समान अधिकार दिलाने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब के दिए मार्गदर्शन में चलकर ही एक सच्ची समाज की स्थापना की जा सकती है, तभी आगे चलकर समाज का वास्तविक उत्थान होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कैलाश रामटेके, आर.डी. झाडी, डी. नागेश, कमलेश पैंकरा, अमित कोरसा, अशोक तालांडी ने संवैधानिक अधिकारों के बारे मे संक्षिप्त परिचय दिया। बाबा साहब द्वारा लिखित भारत का संविधान से ही नागरिकता, स्वतंत्रता, मौलिक कर्तव्य प्राप्त हुए हैं। उन अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। तभी एक अच्छे समाज की स्थापना कर सकेंगे।

### पापनपाल में निकाली गई बाइक रैली

पापनपाल गांव में समाज के लोगों के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब जी की जयंती



के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान जय जयकार के नारे लगाए गए।

### वरदल्ली पंचायत में नारे लगाए गए

वरदल्ली में महार समाज द्वारा सुबह जय जयकार के नारे के साथ रैली निकाली गई,



जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाबा साहेब के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और उनके उल्लेखनीय कार्य को याद किया गया।

### रूद्रारम में बाबा साहेब की जयंती

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रूद्रारम पंचायत में महार समाज के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम गांव में रैली निकाली गई। बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया और मिठाई बांटी गई। जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा के नारे गूंजते रहे। इस दौरान भारी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने महारानी अस्पताल में अटल आरोग्य लैब का किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 16 अप्रैल ।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और गुणवत्ता को परखने के उद्देश्य से स्थानीय महारानी अस्पताल स्थित अटल आरोग्य लैब का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और मरीजों को मिल रही सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि वर्तमान में इस लैब के माध्यम से मरीजों को कुल 134 प्रकार की विभिन्न पैथोलॉजिकल जांचों की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती इन सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिल रहा है, हर रोज लगभग 2200 से 2300 मरीज इस लैब की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने लैब की सेवाओं से अधिकाधिक जरूरतमंदों को लाभान्वित करने पर बल देते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को रिपोर्ट प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और जांच की गुणवत्ता हमेशा मानक स्तर की बनी रहे।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश फॉर्म का वितरण

**दंतेवाड़ा, 16 अप्रैल (तछसं.)।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उ.मा.वि. दंतेवाड़ा (पातरास) में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 11वीं (विज्ञान) एवं 11वीं (कला) में उपलब्ध सीटों हेतु प्रवेश फॉर्म 10 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026 तक भरे जा सकेंगे। प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से उपलब्ध हैं। जिले में अध्ययनरत इच्छुक छात्राएं ऑफलाइन आवेदन पत्र विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकती हैं तथा निर्धारित तिथि 5 मई 2026 तक पूर्ण रूप से भरकर संस्था में जमा कर सकती हैं। विद्यालय प्रशासन ने इच्छुक छात्राओं एवं अभिभावकों से समय-सीमा का पालन करते हुए आवेदन करने की अपील की है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### अजजा,अजा एवं ओबीसी के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन कार्रवाई

**कांकेर 16 अप्रैल ।** जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख को जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के आवेदन की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त ने बताया कि संस्थाओं में पूर्व से लंबित प्रस्ताव को लॉक कर 18 अप्रैल तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित किया जाएगा। शासकीय संस्था व जिला कार्यालय द्वारा सेंक्शन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा ढाई लाख रूपए प्रतिवर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा एक लाख रूपए प्रतिवर्ष होना चाहिए। इसके अलावा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम अनिवार्य है।

# जिले के समस्त अधिकारियों, व्याख्याताओं, शिक्षकों एवं कर्मियों को विपश्यना प्रशिक्षण 17 अप्रैल को

**दंतेवाड़ा, 16 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार राज्य शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि, मानसिक तनाव में कमी तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु विपश्यना ध्यान महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा ने इसकी आवश्यकता को देखते हुए विपश्यना प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को 12 दिन का अवकाश प्राप्त करने की स्वीकृति दी है।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक संतुलन एवं सकारात्मक वातावरण निर्माण से संबंधित विपश्यना आधारित मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 17 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम दिन 15 अप्रैल बुधवार को प्रारंभ किया गया। कार्यस्थल में तनाव मुक्त, खुशहाल जीवन, मानसिक स्वास्थ्य में स्वस्थ रहने की, योग, ध्यान के संबंधी विभिन्न प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया गया।

विपश्यना ध्यान संस्था के व्यवस्थापक सत्यनारायण गोयनका के विचारधारा एवं सुझाव वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। विपश्यना ध्यान संस्था प्रवक्ता सीताराम साहू के द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं प्रक्रिया प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से साझा किया गया। उक्त प्रशिक्षण में दंतेवाड़ा जिले के चारों विकास खंडों के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों के व्याख्याताओं एवं दंतेवाड़ा व गीदम विकासखंड स्तर अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 16 अप्रैल, गुरुवार को जिले के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के समस्त प्रधान पाठक, प्रयोगशाला शिक्षक, जिला स्तर के समस्त विभाग प्रमुख, कुआकोण्डा तथा कटेकल्याण विकासखंड स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 17 अप्रैल 2026, शुक्रवार को जिले के समस्त प्राचार्य एवं व्यायाम शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# निरीक्षण के दौरान रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का हंगामा, छात्र नेता गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,16 अप्रैल।** रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में उस समय माहौल गरमा गया, जब एक ओर बी.फार्मेसी कोर्स के लिए पीसीआई (फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया) की इंस्पेक्शन टीम विश्वविद्यालय पहुंची हुई थी, वहीं दूसरी ओर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अचानक विश्वविद्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीसीआई टीम के निरीक्षण की जानकारी मिलते ही रायपुर जिला एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और व्यवस्थाओं को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कुछ छात्र नेताओं को



हिरासत में लिया।

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन छात्रों की बुनियादी समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने बताया कि गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल में कूलर, पानी, बिजली, साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही फीस में बढ़ोतरी को लेकर भी छात्रों में भारी नाराजगी है।वहीं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने विश्वविद्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां फर्जी पाठ्यक्रमों में दाखिला और छात्राओं से वादाखिलाफी आम बात हो गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो संगठन जल्द ही बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। फार्मेसी विभाग की लैब में जरूरी उपकरणों की कमी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि प्रवेश के समय विश्वविद्यालय प्रशासन बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन हकीकत में वे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कुलसचिव द्वारा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद हस्द्ध कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। हालांकि संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगें पूरी नहीं हुईं, तो बिना किसी पूर्व सूचना के उग्र आंदोलन किया जाएगा।

1 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर

# जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 16 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा तथा 01 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### लंबित प्रकरणों का निराकरण 30 अप्रैल तक करने के निर्देश

जारी निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।

### मुख्यमंत्री करेंगे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण से स्व-सहायता समूह की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**कांकेर 16 अप्रैल।** जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कांकेर अंतर्गत वनधन योजना ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र इच्छापुर आज आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।वनधन विकास केन्द्र इच्छापुर की स्थापना पश्चात मर्दापोटी क्लस्टर अंतर्गत 17 ग्रामों के 2137 परिवार जुड़े हैं, इनमें से 1512 परिवार लघु वनोपज संग्रहण से अपनी आजीविका चला रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा खनिज विकास निधि मद के माध्यम से पलवेराइज़र मशीन, पैकेजिंग सामग्री, लेबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री समूह को प्रदाय कर प्रसंस्करण केंद्र का संचालन प्रारंभ कराया गया। हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण केन्द्र का संचालन इंदिरा वन मितान स्वसहायता समूह के अध्यक्ष श्री नरसिंह तेता, सदस्य श्रीमती अनिता कावड़े, कविता और असिता के द्वारा किया जा रहा है। 10 सदस्यीय समूह की महिलाओं ने पहले वनौषधियों का संग्रहण, प्रसंस्करण और पैकेजिंग का कार्य शुरू किया, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार प्राप्त हुआ है। इस केन्द्र में वर्तमान में 08 प्रकार के वनौषधि उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें हर्रा, बहेड़ा, त्रिफला, अश्वगंधा, सफेद मूसली, नीम, सतावरी एवं आंवला चूर्ण शामिल है। उत्पादों को निर्धारित मानकों के अनुसार पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनकी गुणवत्ता और पहचान दोनों में वृद्धि हुई है। इसके लिए समूह की महिलाओं को समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के आयुर्वेद विभाग एवं राज्य संघ मुख्यालय द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। वर्तमान में हर्रा वनौषधि केन्द्र का संचालन इंदिरा वन मितान स्व-सहायता समूह इच्छापुर द्वारा किया जा रहा है।

# कमिश्नर ने मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 16 अप्रैल ।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत पंडरीपानी और तोकापाल विकासखंड के तेलीमारेंगा एवं पलवा में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत सर्वे सहित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का लाभ हर परिवार और प्रत्येक व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान सभी लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ ही स्वास्थ्य सुधार का माध्यम बने। इस पुनीत सेवा भावना के अनुरूप लोगों तक पहुंचकर उन्हें लाभान्वित करें। कमिश्नर ने इस मौके पर मितानिन दवा पेटी का भी अवलोकन कर दवा पेटी में उपलब्ध दवाइयों के बारे में जानकारी ली और मौजूद मितानिन का उत्साहवर्धन किया।

कमिश्नर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सर्वे दल के गांव में पहुंचने से कम से कम दो दिन पहले कोटवार के जरिये मुनादी कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच शिविर की पूरी जानकारी मिल सके। इसके साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाए। उन्होंने सर्वे दल के गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत को खुले रखने सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और पंचायत प्रतिनिधियों का सर्वे दल को सहयोग सुनिश्चित किए जाने कहा।कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान कहा कि दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचना इस अभियान की प्राथमिकता है।

# दंतेवाड़ा की प्रगति में एएम-एनएस इंडिया की सक्रिय भागीदारी: कृषि, खेल, विकास को मिला विस्तार









■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल/दंतेवाड़ा, 16 अप्रैल।** औद्योगिक उत्कृष्टता के साथ सामाजिक सरोकारों को आत्मसात करते हुए आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने पिछले एक सप्ताह के दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न अंचलों में विकास और सेवा की एक नई नींव रखी है। कंपनी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत न केवल अधोसंरचना को मजबूती प्रदान की है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, खेल प्रतिभाओं और महिला स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर भी जमीनी स्तर पर ठोस कार्य किए हैं। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए टिकनपाल ग्राम पंचायत के किसानों को पाइप वितरित किए गए, ताकि खेतों के अंतिम छोर तक सिंचाई की सुविधा निर्बाध रूप से पहुँच सके और रबी व खरीफ की फसलों का बेहतर उत्पादन सुनिश्चित हो सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एएम/एनएस इंडिया ने किरंदुल बस्ती के नरियापारा में वर्षों से खराब पड़े हैंडपंपों का त्वरित सुधार कार्य कराया, जिससे स्थानीय बस्तीवासियों को बड़ी राहत मिली है। जल संकट के स्थायी समाधान हेतु कंपनी की तकनीकी टीम ने मड़कामीरास, किरंदुल और कोडेनार गांवों में वैज्ञानिक पद्धति से भूजल स्तर का सूक्ष्म परीक्षण किया है। इस सर्वे के आधार पर भविष्य में नए बोरवेल स्थापना के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर लिया गया है, जिससे आने वाले समय में इन क्षेत्रों में पानी की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के अपने संकल्प को दोहराते हुए कंपनी ने गोंगपाल ग्राम पंचायत में आयोजित भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य सहयोगी की भूमिका निभाई। इस खेल महाकुंभ में बस्तर अंचल की कुल 32 टीमों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जहाँ विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इसी प्रकार, भाषाई और सांस्कृतिक एकता का परिचय देते हुए किरंदुल में उत्कल दिवस के गौरवमयी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई गई, जिसने स्थानीय समुदाय के बीच आपसी सद्भाव को और प्रगाढ़ किया है।विशेष रूप से, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एएम/एनएस इंडिया द्वारा चलाया जा रहा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन अभियान एक विस्तृत रूप ले चुका है। उल्लेखनीय है कि कंपनी द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से आंगनबाड़ियों के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करने का यह विशेष सत्र आयोजित किया जाता है। इस साप्ताहिक अभियान के तहत न केवल वैज्ञानिक जानकारी दी जाती है, बल्कि फील्ड टीम द्वारा प्रत्यक्ष संपर्क कर उच्च गुणवत्ता वाले सैनिटरी पैड्स का निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का यह निरंतर प्रयास क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। साथ ही कुआकोंडा ब्लॉक के हितावर और पोटाकेबिन पालनार के 176 बच्चों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के बाद अब कंपनी द्वारा 10 अप्रैल को आंगनवाड़ी मिश्रा कैंप, किरंदुल में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। कंपनी ने क्षेत्रवासियों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। कंपनी ने अपनी CSR पहल के तहत स्वावलंबन की नई मिशाल पेश करते हुए किरंदुल के महिला संगठन को सिलाई मशीनें भेंट कीं। SKMS प्रतिनिधियों और एएम/एनएस इंडिया के अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह कदम न केवल महिलाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि उनके आत्मनिर्भर बनने के सपने को भी साकार करेगा।एएम/एनएस इंडिया प्रबंधन ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि वे स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और बस्तर की धरा पर खुशहाली लाने के लिए निरंतर समर्पित रहेंगे।

# सरगीगुड़ा में वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

■ अवैध सागौन लकड़ी जब्त, दो पर प्रकरण दर्ज
■ अनुमानित कीमत 1 लाख 54 हजार 994 रुपये

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 16 अप्रैल ।** वन विभाग ने देवभोग क्षेत्र में अवैध लकड़ी भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में सागौन (टीक) की लकड़ी जब्त की है। यह कार्रवाई मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त के निर्देश पर एवं वनमंडलाधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप वनमंडलाधिकारी देवभोग द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर वन परिक्षेत्र इंदागांव अंतर्गत ग्राम सरगीगुड़ा में दो अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में रक्षानंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली गई, जहां से 60 नग सागौन चिरान (0.354 घन मीटर) तथा 17 नग सागौन लठ्ठा (0.608 घन मीटर) अवैध रूप से रखा हुआ पाया गया। वन विभाग ने उक्त लकड़ी को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया।दूसरी कार्रवाई में जयनंद ठाकुर के घर एवं बाड़ी की तलाशी के दौरान 20 नग सागौन चिरान (0.046 घन मीटर) तथा 13 नग सागौन लठ्ठा (0.585 घन मीटर) अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिसे जब्त कर पृथक वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वन विभाग के अनुसार दोनों मामलों में कुल 103 नग सागौन लकड़ी (1.593 घन मीटर) जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 54 हजार 994 रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव श्री अश्वनीदास मुरचुलिया के नेतृत्व में विभागीय स्टाफ एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग ने बताया कि अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



## खरसिया में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम संपन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 16 अप्रैल।** खरसिया के भगत कॉम्प्लेक्स में 13 से 16 अप्रैल तक आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आयोजित हैप्पीनेस प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा किया गया।

चार दिवसीय इस कार्यक्रम में बाराद्वार, बढ़तूगां, देवरघटा एवं खरसिया क्षेत्र से आए अनेक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान तथा सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया, जिससे उन्हें मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा मिली।प्रशिक्षक विभा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाना तथा उनके अंदर छिपी आंतरिक शक्ति को जागृत करना है। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कार्यक्रम से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से लाभ प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने आर्ट ऑफ लिविंग के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई विदित हो कि आर्ट ऑफ लिविंग का आगामी आनंद अनुभूति शिविर श्री श्री रविशंकर जी का बर्थडे स्पेशल 10 से 13 मई तक गायत्री मंदिर हाल में सुबह 7:30 से 10:30 बजे तक संपन्न होगा।

### पॉस मशीन से अनियमित यूरिया वितरण, करने वाले लाईसेंस निलंबित

**महासमुंद 16 अप्रैल ।** भारत सरकार उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक पॉस मशीन से अनियमित रूप से यूरिया उर्वरक वितरण करने पर जिले के 10 कृषि सेवा केन्द्रों के लाईसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया हैउप संचालक कृषि श्री एफ.आर. कश्यप ने बताया उक्त कृषि सेवा केन्द्रों के द्वारा उर्वरक वितरण में अनियमितता की गई थी। अनियमित उर्वरक वितरण करने वाले कृषि केन्द्रों में अग्रवाल राईस इण्ड्रीज झलप, हलधर कृषि सेवा केन्द्र सिरपुर, महालक्ष्मी कृषि भण्डार भगत देवरी का लाईसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के तहत 2 प्रकरण में स्वीकृत किये 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि



**राजिम, 16 अप्रैल (तछसं.) ।** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने आरबीसी 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से दो मृतक के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील राजिम के ग्राम धुमा निवासी 45 वर्षीय जितेन्द्र वर्मा का 13 मार्च 2025 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन तुलसी बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।इसी प्रकार तहसील फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम फिंगेश्वर निवासी 09 वर्षीय साहिल सोनकर की 19 अक्टुबर 2025 को नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन धनेश्वर को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### नशामुक्त समाज का संदेश लेकर तुलसीराम पहुंचे नेपाल

**धमतरी, 16 अप्रैल ।** जब इरादे मजबूत हों, तो रास्ते अपने आप बन जाते हैं। इसी दृढ़ संकल्प के साथ धमतरी जिले के ग्राम चर्रा (कुरुद) के 35 वर्षीय युवा तुलसीराम साहू नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश लेकर एक प्रेरणादायक यात्रा पर निकले हैं।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की प्रेरणा एवं समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में तुलसीराम साहू 27 मार्च को साइकिल से नेपाल स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास डेरा के लिए रवाना हुए थे। करीब 20 दिनों की सतत यात्रा के बाद वे सफलतापूर्वक नेपाल पहुंच चुके हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

तुलसीराम साहू की इस प्रेरणादायक यात्रा को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। उनके इस प्रयास को जिले में सराहना मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि तुलसीराम साहू इससे पहले भी सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से कई यात्राएं कर चुके हैं। वर्ष 2020 में उन्होंने नारी सम्मान के लिए दल्लीराजहरा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा की। वहीं वर्ष 2024 में धमतरी से अयोध्या तक नशामुक्ति का संदेश दिया तथा वर्ष 2025 में पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों का भ्रमण कर समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश फैलाया। उनकी प्रत्येक यात्रा समाज में जागरूकता लाने और युवाओं को सही दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण रही है। रवाना होते समय तुलसीराम की आंखों में उम्मीद और शब्दों में दृढ़ता साफ झलक रही थी। उनका उद्देश्य स्पष्ट है–युवाओं को नशे से दूर रखकर एक सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण करना। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि तुलसीराम साहू का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता लाना समय की आवश्यकता है और इस दिशा में ऐसे प्रयास निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव लाते हैं। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### जनगणना प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण

**मोहला 16 अप्रैल ।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर ने बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों और सुपरवाइजर को जनगणना से जुड़े सभी बिंदुओं को गंभीरता समझने की निर्देश दिए, ताकि सटीक जानकारी के संकलन के साथ जनगणना कार्य पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना और जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने 16 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले स्व-गणना कार्य में सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की है। जिससे जनगणना निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो सके। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक स्व गणना के जरिए अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जिसकी प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। उल्लेखनीय है की जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवास गणना की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री मिथलेश डोंडे, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक जनगणना अधिकारी सुश्री शुभांगी गुप्ता, तहसीलदार श्री दिनेश साहू सहित सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहें।

## कोटपा एक्ट के तहत नशीले पदार्थों पर नियंत्रण हेतु संयुक्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में नशीले पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि 11 अप्रैल को रायगढ़ शहरी के जूट मिल क्षेत्र तथा 14 अप्रैल को सती गुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र तक पान ठेलों में कोटपा एक्ट-2003 के तहत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों की संयुक्त टीम द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जूट मिल क्षेत्र में 7 पान ठेलों से 1510 रुपये तथा सतीगुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र में 21 पान ठेलों से 4000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने बताया कि अभियान के दौरान दुकानदारों को कोटपा एक्ट-2003 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर ÷धूम्रपान निषेध÷ बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जबकि धारा 5 के अंतर्गत तम्बाकू विक्रेताओं को चेतावनी बोर्ड प्रदर्शित करना आवश्यक है। इसी प्रकार धारा 6 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री करना दण्डनीय अपराध है। वहीं धारा 7 के तहत बिना वैधानिक चेतावनी वाले तम्बाकू उत्पादों की बिक्री भी प्रतिबंधित है।



### पान ठेलों में अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे चेतावनी बोर्ड

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.विवेक उपाध्याय ने बताया कि सभी पान ठेलों में तम्बाकू से कैंसर होता है तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू बेचना अपराध है÷ जैसे चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित दुकानदारों को कोटपा एक्ट बोर्ड वितरित कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया।

### संयुक्त टीम की रही सक्रिय भागीदारी

उक्त कार्रवाई में चक्रधर नगर थाना क्षेत्र से आरक्षक शांति कुमार मिरी, सिटी कोतवाली से टीआई सुखनंदन पटेल एवं प्रधान आरक्षक पुरुष एक्का के नेतृत्व में टीम शामिल रही। इसके साथ ही तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती सीमा बरेठ, सविता रानी साय, संतोषी राज सहित ड्रग इंस्पेक्टरों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई सतत जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू, 1 मई से मकान सूचीकरण एवं आवास गणना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 अप्रैल ।** जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आमजन को जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व से अवगत कराया जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा, जिसके तहत जिले के प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन का सर्वेक्षण कर उसकी स्थिति, उपयोग तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करेगी।

इस बार जनगणना को अधिक सरल और सहभागी बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी प्रदान की गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच इच्छुक नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार एवं आवास से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक विशेष सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के घर पहुंचने पर इसी आईडी के माध्यम से जानकारी का सत्यापन किया जाएगा।

## सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 16 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभागों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदारीपूर्वक और समय-सीमा के भीतर कार्य करने के निर्देश दिए।



बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यालय के साथ-साथ सभी विभागीय कार्यालयों तथा उनके अधीनस्थ संस्थानों में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्ण रूप से अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि डिजिटल प्रणाली के अनुरूप प्रत्येक फाइल, पत्राचार और अनुमोदन ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाए। इससे कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत जिन हितग्राहियों को राशि जारी की जा रही है। वे अनिवार्य रूप से अपना ई-केवाईसी कराएं। उन्होंने कहा कि बिना ई-केवाईसी किसी भी भुगतान को लंबित न रखा जाए और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत शेष चावल जमा कराने की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि लंबित चावल जमा कराने की प्रक्रिया जारी है और इसे शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने संबंधित एजेंसियों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत चावल जमा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रबी वर्ष 2025-26 में रासायनिक उर्वरकों के उठाव की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने किसानों को समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसके अलावा कलेक्टर ने पंचायत, वन, राजस्व, नगरीय निकाय, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, विद्युत, भवन निर्माण, उद्यानिकी, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम सहित अन्य विभागों के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग 4 मई से

**धमतरी 16 अप्रैल ।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल 2026 को पूर्ण हो चुकी है। भर्ती के तहत ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) 01 जून से 15 जून 2026 के बीच आयोजित होने की संभावना है।जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि युवाओं को परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, धमतरी द्वारा विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 04 मई से 04 जून 2026 तक संचालित होगा।

## राजस्व पखवाड़ा बना त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम प्रथम चरण में 1589 आवेदनों का मौके पर निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** जिले में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 2444 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1589 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतवार तिथियां निर्धारित कर जिले की सभी तहसीलों में कुल 382 शिविरों का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासनिक सेवाएं गांव-गांव तक पहुंचीं, जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल सकी।



राजस्व पखवाड़ा के दौरान विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आरबीसी 6-4 प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, खसरा बी-1 वितरण, नक्शा सुधार, अभिलेख शुद्धता, भूमि स्वामी के खाते में आधार एवं मोबाइल नंबर प्रविष्टि तथा महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी जैसे विभिन्न प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। कुल प्राप्त आवेदनों में से सर्वाधिक 649 आवेदन अविवादित नामांतरण से संबंधित रहे, जबकि तहसीलवार सर्वाधिक 535 आवेदन छाल तहसील से प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया था कि तत्काल निराकरण योग्य प्रकरणों को मौके पर ही निपटाया जाए, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई नियमानुसार जारी है, जिन्हें निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राजस्व पखवाड़ा अभियान तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सम्पन्न हुआ, जबकि द्वितीय चरण 4 मई से 18 मई तथा तृतीय चरण 1 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन दर्ज किए जा रहे हैं तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह पहल न केवल आमजन को त्वरित राहत प्रदान कर रही है।

## पीएम आवास योजना से नानदाई को मिला सुरक्षित और खुशहाल जीवन

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं अब जमीनी स्तर पर लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का नया अध्याय जुड़ रहा है।




इसी कड़ी में ठुसेकेला की निवासी नानदाई की कहानी इस योजना की सफलता की सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है। कभी मिट्टी के घर में जीवन यापन करने वाली नानदाई बताती हैं कि उनका घर बारिश में टपकता था, जिससे परिवार के साथ रहना बेहद कठिन हो जाता था। लेकिन अब उन्हें योजना के तहत पक्का मकान मिल चुका है, जिससे उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। नानदाई कहती हैं- पहिली हमर माटी के घर रिहिस हे, अब हमन ला आवास मिल गे हे, अब हमन अच्छा रहिबो। उनके शब्दों में एक सुरक्षित छत मिलने का सुकून साफ झलकता है। अब उन्हें मौसम की मार का डर नहीं सताता और वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी रही हैं।अपनी खुशी जाहिर करते हुए नानदाई ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करती हैं।

# ग्रामीणों ने की रुकावटों को हटवाने की मांग

**रायपुर,16 अप्रैल ।** मांढर शाखा नहर के 18 किलोमीटर लंबी वितरक शाखा से निकले करीबन 5 किलोमीटर लंबी सोनपैरी माइनर के अधीन आने वाले 5 ग्रामों को निस्तारी पानी पहुंचाने विभागीय अमला ने कवायद शुरू कर दी है । आज अपने अधीनस्थों के साथ पहुंचे सहायक यंत्री ने इन ग्रामों के प्रतिनिधियों के साथ माइनर का दौरा कर निरीक्षण किया । इस दौरान ग्रामीणों ने माइनर में उद्योगपतियों द्वारा विभाग से बिना ड्राइंग - डिजाइन स्वीकृत कराये व बिना विभागीय स्वीकृति के बनाये गये क्रासिंग सड़क की वजह से पानी के प्रवाह में रुकावट होने की ओर ध्यानाकृष्ट कराते हुये तत्काल इन्हें तुड़वाने की मांग की अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी ।

विभागीय यंत्री ने निरीक्षण कर इसकी वजह से पानी के अबाध प्रवाह में बाधा पहुंक्षंचने की बात स्वीकार की और अविलंब हटवाने का वादा किया । ज्ञातव्य हो कि बीते 12 अप्रैल को इस माइनर ?के अंतिम छोर के ग्राम बड़गांव के ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंप निस्तारी पानी दिलाने की मांग की थी । ज्ञातव्य हो कि इस माइनर के तहत 4 ग्राम सोनपैरी , कुटेसर , तोड़गांव व बड़गांव आता है । सोनपैरी से आगे सिंचाई पानी आने में दिक्कतों के चलते शेष तीनों ग्रामो का खरीफ सिंचाई अनुबंध भी समाप्त किया जा चुका है और मांग व सिंचाई पानी की उपलब्धता पर डिमांड में यहां सिंचाई पानी व निस्तारी पानी दिया जाता है । ग्रामीणों के अनुसार खासकर इन तीनों ग्रामो में पानी पहुंचाना विभाग के लिये एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहता है जिसके लिये खस्ताहाल माइनर भी एक कारण है । कतिपय वर्षों पूर्व बड़गांव व तोड़गांव से डिमांड पर सिंचाई व? निस्तारी पानी की मांग पर रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा के पहल पर तात्कालीन कार्यपालन अभियंता सुरेश पांडेय व अनुविभागीय अधिकारी एम बोरकर ने जीवटता का परिचय देते हुये मैदानी विभागीय अमला व? ग्रामीणों के सहयोग से अंतिम छोर के इन दोनों ग्रामों तक पानी पहुंचाने में कामयाबी हासिल की थी । गर्मी की वजह से दिनोदिन बढ़ते चले जा रहे निस्तारी जल संकट के मद्देनजर सोनपैरी , कुटेसर व बड़गांव के ग्रामीणों ने नहर पानी की मांग ?की थी । इसी के चलते विभागीय सहायक यंत्री निखिल अग्रवाल , अमीन जीवन लाल साहू व नरेश पटेल ने कुटेसर के सरपंच सुभाष बंजारे व? उपसरपंच ईश्वर प्रसाद , बड़गांव के उपसरपंच बनवारी यादव व श्री शर्मा के साथ माइनर एरिया का निरीक्षण किया । इस दौरान सोनपैरी माइनर निकलने वाले वितरक शाखा 10 के ग्राम दरबा में किये गये हेड अप को हटवाया व? वहां के सरपंच संजय टंडन से ग्रामीणों से सहयोग दिलवा व निगरानी करवा पुनः हेड अप न होने देने की व्यवस्था में विभाग को सहयोग कर बड़गांव तक अबाध पानी पहुंचाने में मदद का आग्रह किया । सोनपैरी के सरपंच नंदराज साहू से भी मुलाकात कर ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की गयी व कम से कम सभी ग्रामों के एक - एक तालाब को प्राथमिकता के आधार पर भरने में सहयोग का आग्रह किया । इधर ग्राम कुटेसर के पंचगण अजय जांगड़े , देवेन्द्र बंजारे, महेश गिलहरे , रोहित धृतलहरे आदि ने भी माइनर के सभी ग्रामों में सुनिश्चित रूप से निस्तारी पानी पहुंचवाने का प्रबंध का आग्रह करते हुये सहयोग का आश्वासन दिया है । विभागीय अमला ने सभी ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों से आपसी तालमेल कर नहर प्रणाली के निगरानी में सहयोग की अपेक्षा की है ।



# नपा अध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिए 'मिशन मोड' में काम करने के निर्देश

## अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने और स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व वसूली, जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रीष्मकालीन जल आपूर्ति की व्यवस्था, राजस्व वसूली की रणनीति तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'मिशन मोड' में कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**जल आपूर्ति एवं राजस्व वसूली:** काटें नहीं, जोड़ें की नीति पर जोर: आगामी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष श्री शर्मा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निर्देश दिए कि वर्तमान में किसी भी नागरिक का नल कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है और गर्मी में किसी को भी इस सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता।

**अवैध कनेक्शनों का नियमितीकरण :** शहर में संचालित सभी अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें वैध करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**प्रेरणा आधारित वसूली:** कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्ती के बजाय घर-घर जाकर नागरिकों को प्रेरित करें और जल कर व अन्य राजस्व की वसूली सुनिश्चित करें।

**अंतिम छोर तक जलापूर्ति :** सभी वार्डों में पानी के दबाव की नियमित मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टेल-एंड (अंतिम छोर) तक भी पानी सुचारू रूप से पहुँचे।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2026:** भाटापारा को नंबर-1 बनाने का संकल्प: बैठक के दूसरे चरण में स्वास्थ्य विभाग एवं 'मिशन क्लीन सिटी' के सुपरवाइजरों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

**सुपरवाइजरों की जवाबदेही तय:** अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करनी होगी।

**डोर-टू-डोर कलेक्शन पर जोर:** कचरा संग्रहण वाहनों की समयबद्धता एवं गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया को 100त्न लागू करने के निर्देश दिए गए।

**जन-जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश:** नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने एवं जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य केवल कर वसूलना नहीं, बल्कि शहरवासियों को उत्कृष्ट और संवेदनशील सेवाएं प्रदान करना है। भीषण गर्मी में किसी का नल कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, लेकिन नागरिकों से अपेक्षा है कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अवैध कनेक्शनों को वैध कराएं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 हमारे लिए गर्व और प्रतिष्ठा का विषय है। सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र एकजुट होकर कार्य करें, ताकि भाटापारा स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित हो सके।

## समाचार संक्षेप

# भाटापारा के अमित भांडेकर को मिला सर्वश्रेष्ठ बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री वीडियो सम्मान

### धारावाहिक रामायण की सीता माता दीपिका चिखलिया के हाथों सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 16 अप्रैल।**

भाटापारा। नगर के अमित कुमार भांडेकर को उनकी प्रतिभा और मेहनत से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नारी शक्ति सम्मान अवॉर्ड शो 2026 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बायोग्राफी डॉक्यूमेंटरी वीडियो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे भाटापारा और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय बन गई है।

**मेहनत और लगन की मिसाल:** अमित कुमार भांडेकर को भव्य समारोह में यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका चीखलिया के हाथों प्रदान किया गया, जिन्होंने रामायण में माता सीता का ऐतिहासिक किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही इस कार्यक्रम में टीवी जगत की चर्चित अभिनेत्री कांची सिंह से उनकी सौजन्य मुलाकात भी हुई, जो एक खास और यादगार पल बन गया। इस अवसर पर अमित कुमार भांडेकर ने कार्यक्रम की आयोजक संस्था न्यू उड़ान जन सेवा फउंडेशन की प्रमुख उषा शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभाओं को एक मंच मिलता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अमित कुमार भांडेकर जैसे युवा अपने कार्यों से लगातार क्षेत्र का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

## एक नजर

### 15 लीटर अवैध देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी विभाग की टीम द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 14.4 बल्क लीटर देशी मदिरा व एक मोटर सायकल दो जब्त किया है। टीम द्वारा आरोपी टामन ध्रुव पिता शत्रुहन उम्र 26 वर्ष ग्राम लहुआ (घटना स्थल सुढेला पुल बलौदाबााजर) के कब्जे से 14.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं एक मोटर सायकल हीरो होंडा जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 8000 रुपए एवं दो पहिया वाहन का बाजार मूल्य 40, 00 रुपये होना पाया गया। आरोपी टामन ध्रुव पिता शत्रुहन के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 38 पौवा अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 14 अप्रैल बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति केंद्रीय विद्यालय के पास फुटबॉल ग्राउंड, डोंगरगढ़ में भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री हेतु खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर आरोपी गोविंदा रजक पिता बृजलाल रजक, उम्र 33 वर्ष, निवासी कुम्हार पारा, वार्ड नं. 16, डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़ के कब्जे से एक सफेद थैले में रखे कुल 38 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

# राशन दुकानों में ऑनलाईन प्रोसेस में लग रहा समय, हितग्राहियों की बढ़ी परेशानी

**17** शहरी व 92 ग्रामीण क्षेत्र में हैं दुकानें

**60** हितग्राहियों को ही हो पा रहा वितरण एक दिन में

**22** सौ हितग्राही हैं 17 शहरी राशन दुकानो में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 अप्रैल।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासन द्वारा हितग्राहियों को तीन महीने का चांवल एकमुस्त दिया जा रहा है जिसके विरतण और आन लाईन प्रोसेस में समय लगने के कारण राशन दुकान में भीड़ व लाईन लगानी पड रही है। अप्रेल माह की तेज गर्मी मे चांवल लेने और अपनी बारी आने के इंतजार मे लाईन लगानी पड रही है भाटापारा ब्लाक में शहर की 17 एवं ग्रामीण क्षेत्र की 92 दुकाने है जहां शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रेल तक हितग्राहियों को तीन माह का चांवल वितरण करना है वहीं अभी की स्थिति मे हो ये रहा है कि एक हितग्राही को चांवल लेने के लिए छः बार अंगूठा लगाना पड रहा है जिसके कारण चांवल वितरण मे दुकानदारो को समय लग रहा है वहीं तपती गर्मी मे अपने बारी आने के इंतजार मे लोग हलाकान हो रहे है कई राशन दुकानों की स्थिति ये है दुकान खुलने के कई घंटे पहले राशन दुकान पहुंच रहे है लोग जल्दी मिलने की होड मे आपस मे ही कई बार विवाद की स्थिति भी देखने को मिल रही है, शहर की 17 राशन दुकान मे एक ऐसी भी दुकान है जिसमे चार वार्ड के 2200 हितग्राही है। जिसके कारण दुकान मे चांवल लेने लोगो की होड लगी है कि कितना जल्दी उन्हे उनका राशन मिल जाये और अपनी बारी आने के इंतजार मे घंटो लाईन मे खडे हो रहे हैं, दुकान के सेल्समेन के अनुसार सुबह से लेकर देर शाम तक चांवल का वितरण कतारबद्ध कर किया जा रहा है अभी तक उक्त दुकान से लगभग 600-700 लोगों को राशन वितरण किया जा चुका है। आज 15 अप्रेल तक लगभग 30 प्रतिशत वितरण किया जा चुका है आने वाले दिनो मे वितरण व्यवस्था को तेज भी किये जाने की बात कही किन्तु कार्ड संख्या अधिक होने के के 50 से 60 कार्ड को ही वितरण हो पा रहा है।

उक्त दुकान का विभाजन कर दो वार्डो के लिए अलग से दुकान खोले जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है जिससे उस दुकान मे कार्डो का भार कम हो जाये और हितग्राहियों को आसानी और सहजता से राशन मिल सके। इस संबंध मे खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप का कहना है कि हितग्राही संयंम और धैर्य रखे उन्हे समय सीमा पर राशन अवश्य मिलेगा दुकानों मे अनावश्यक भीड न बढावें अभी 15 दिन व्यतीत हुए है 15 दिन अभी शेष बाकी है सभी हितग्राहियों को उनका राशन अवश्य मिलेगा इसके लिए उनके द्वारा सतत् निगरानी और दुकानों से फीटबैक लिए जा रहे हैं।

# नालियों का गंदा पानी बह रहा सड़क पर, रहवासी परेशान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 16 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 11 के पार्षद टेपू देवांगन को जानकारी दी गई मोहल्ले वासी ने इन दिनों नाली की गंभीर समस्या से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं।

नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे पूरे इलाके में गंदगी और दुर्गंध फैल गई है। हालात यह हैं कि लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर आ जाता है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने कई बार नगर पालिका परिषद से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# जेबी इंटरनेशनल स्कूल का में कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

## सीबीएसई में 10 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 16 अप्रैल।** स्थानीय जे बी इंटरनेशनल स्कूल के घोषित सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में स्कूल ने 100% पास प्रतिशत दर्ज किया। कोई भी छात्र फेल नहीं हुआ। स्कूल का समग्र परिणाम बेहद शानदार रहा है। इस उल्लेखनीय सफलता में स्कूल के 10 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। टॉप-10 में शामिल छात्र इस प्रकार हैं: मानस वर्मा – 96.4, कृष्णा सिंह – 95.8, राजवीर सिन्हा – 95.0, कांची बत्रा – 94.6, अनुष्का जेना – 93.0, चिराग वर्मा – 92.6, रितिका शर्मा – 92.4, जय आर्य – 92.0, चारु चौबे – 91.0, साक्षी भगवानी – 90.8 अंक अर्जित किए हैं।

छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ-साथ शिक्षकों के अथक प्रयास, समर्पण और मार्गदर्शन ने भी इस सफलता को संभव बनाया। शिक्षकों की निरंतर मेहनत और छात्रों के साथ उनके अटूट सहयोग का यह परिणाम न केवल छात्रों के परिवारों के लिए, बल्कि पूरे जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल और तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। क्षेत्रवासियों ने इन सभी सफल छात्रों को बधाई संदेशों से नवाजा है।




स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, हार्दिक बधाई। तुम्हारे इन अंकों ने न सिर्फ तुम्हारी मेहनत और लगन को साबित किया है, बल्कि परिवार, शिक्षकों और स्कूल का भी नाम रोशन किया है। शिक्षकों के समर्पण और तुम्हारी मेहनत का यह अद्भुत मेल ही आज की इस 100त्न सफलता की कुंजी है। इसी तरह आगे भी मन लगाकर पढ़ाई करते रहो और जीवन में नई ऊँचाइयाँ छूते जाओ। हम सबको तुम पर गर्व है! इस उपलब्धि ने क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया है कि कड़ी मेहनत, निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन और शिक्षकों के समर्थन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या ममता ऐरी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, मैं अपने सभी बच्चों और शिक्षकों को उनकी इस शानदार सफलता पर बहुत-बहुत बधाई देती हूँ। आपने स्कूल का मान बढ़ाया है। शिक्षकों के समर्पण और छात्रों की मेहनत ने मिलकर यह 100त्न परिणाम दिया है। मैं आपको उवल भविष्य की शुभकामनाएँ देती हूँ। जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल लगातार बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम देकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

### सीबीएसई परीक्षा में जूही का सुयश, प्राप्त किया प्रथम स्थान



**डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा), 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वी का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बेलगांव निवासी शर्मा परिवार में खुशी का माहौल देखने को मिला, जब पता चला कि परिवार की बिटिया ने 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ मैं अध्यनरत कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी जूही शर्मा ने 94.06 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी जूही शर्मा बेलगांव निवासी पंडित दीपक शर्मा, शिक्षिका हेमलता शर्मा की सुपुत्री है। छात्रा को स्कूल के प्राचार्य एस आर खूजुर एवं कक्षा शिक्षिका चंद्रप्रभा वर्मा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/70/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 कवर्धा, दिनांक 15/04/2026

### मैनुअल पद्धति संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक 22/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 कवर्धा, दिनांक 06.04.2026 में आमंत्रित निविदा निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि लिपिकीय त्रुटिवश दिनांक 20.06.2026 अंकित हो गया था, जिसे दिनांक 20.06.2026 के स्थान पर दिनांक 20.04.2026 पढ़ा जावे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कवर्धा

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/103/न.पा.नि./लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 10/04/2026

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत मरम्मत संधारण मद अन्तर्गत वार्ड क्र. 09 से 12 रावांभाठा में सी.सी. रोड, नाली, भवन एवं शासकीय स्कूलों का मरम्मत एवं संधारण कार्य लागत राशि रू. 6.00 लाख हेतु छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'ए' में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. 01.01.2025 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.04.2026 एवं निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05.05.2026) तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यों की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)


### जनगणना 2027 की तैयारियों के संबंध में प्रगणकों एंव सुपरवाइजर को प्रशिक्षण

# जनगणना कार्य को त्रुटिरहित पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराना है आवश्यक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 अप्रैल।** भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत विकासखंड चारामा में सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों का तीन तीन दिवसीय प्रशिक्षण 3 बैच में अर्जित किया गया है कार्यक्रम के प्रथम बैच 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया है इस प्रशिक्षण में विकासखंड के 12 सुपरवाइजर 100 प्रगणकों शामिल हुए हैं तथा जनगणना कार्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य को त्रुटिरहित पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र के शुभारंभ अवसर पर तहसील चार्ज अधिकारी सत्येंद्र शुक्ला ने जनपद सभा कक्ष एवं नगर पंचायत सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षणार्थियों को कहा प्रशिक्षण बहुत ही गंभीरतम सजाता के साथ प्राप्त करें फील्ड में जब जाए तो किसी तरह का कोई संशय की स्थिति ना रहे क्योंकि यह डिजिटल माध्यम से हो रही है इसलिए प्रशिक्षण बारीकी से प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर केजूराम सिन्हा मोहन जायसवाल भानुराम नागराज पेशीराम कुंजाम द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया का चरणबद्ध एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने जनगणना के महत्व इसके सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव तथा नीति निर्माण में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला प्रशिक्षण के दौरान निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया जिसमें परिवार की सही पहचान एवं वर्गीकरण करना। जनसंख्या से संबंधित जानकारी एकत्रित करने की विधि, निर्धारित प्रपत्रों एवं अनुसूचियों का शुद्ध एवं सटीक भराव डिजिटल उपकरणों एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं व्यवहारिक पहलू और गोपनीयता बनाए रखने एवं त्रुटिरहित डेटा संकलन के निर्देशों के बारे में जानकारी दिए। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण को केवल सैद्धांतिक न रखते हुए व्यावहारिक स्वरूप भी प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास कराया गया, जिससे वे फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं और उनका संतोषजनक समाधान किया गया। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल प्रतिभागियों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करने वाला सिद्ध हुआ बल्कि जनगणना कार्य की गुणवत्ता सटीकता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी कदम भी साबित होगा।

## एक नजर

### वाची ने बढ़ाया शहर का गौरव



**रायपुर, 16 अप्रैल।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं की परीक्षा में राजधानी की छात्रा वाची सिन्हा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में टॉप किया है। वाची केपीएस स्कूल की छात्रा हैं। वे चिकित्सक बनना चाहती हैं। वे पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवा देना चाहती है।

### रॉयन के विद्यार्थियों ने किया कमाल



**रायपुर, 16 अप्रैल।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं का रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पार्थ अग्रवाल शीर्ष पर हैं। वहीं 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर शिखर दत्ता द्वितीय स्थान तथा 96.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर श्रुति सिंग तृतीय स्थान पर रहीं हैं। मनोमय शर्मा चौथे, अक्षिता गोलहानी पांचवे, आदित्य शर्मा छठवें, कृति श्रीवास्तव सातवें, अन्वेषा अग्रवाल आठवें, अदिति निगम नौवे तथा आरव कौशित दसवें स्थान पर रहे हैं। शाला संस्थापक डॉ. एएफ पिंटो तथा डयरेक्टर ग्रेस पिंटो ने बधाई दी है।

# टिंबर मार्केट के गोदाम में भीषण आग से हड़कंप



**रायपुर, 16 अप्रैल।** राजधानी रायपुर के फफडीह टिंबर मार्केट में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पायनियर मार्केटिंग के कैलाश टिंबर गोदाम में भड़की, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया।

### दमकल की टीम ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। शुरुआत में 6 फायर ब्रिगेड भेजी गई थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए अब तक 12 से अधिक दमकल वाहन तैनात किए जा चुके हैं। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे हुए हैं और सुबह तक राहत कार्य जारी है।

### एम्स से मंगाया गया पानी

आग बुझाने के लिए अतिरिक्त पानी की व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के अनुसार, एम्स अस्पताल परिसर से भी पानी लाकर आग बुझाने में इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

### लाखों का नुकसान, प्लाईवुड जलकर खाक

आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा प्लाईवुड सहित लाखों रुपए का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। टिंबर मार्केट में आग लगने से आसपास के व्यापारियों में भी दहशत का माहौल रहा।

### पुलिस-प्रशासन मौके पर कारण अज्ञात

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम संयुक्त रूप से हालात पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। यह पूरा मामला देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है।

# टाउनशिप में प्लाटों और बंगलों की खरीद बिक्री पर रेरा की रोक

**रायपुर, 16 अप्रैल।** रेरा ने छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ी टाउनशिप में प्लॉटों और बंगलों की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी है। रेरा ने यह कार्रवाई इसलिए की है क्योंकि देश के नामी-गिरामी कंपनी रियल इस्टेट कंपनी डेला रेसकोर्स एंड इंटरनेशनल पोलो क्लब नवा रायपुर ने नियमों के तहत रेरा में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया और प्लाटों, बंगलों की बुकिंग प्रारंभ कर दी।

जबकि, रेरा के नियमों के अनुसार रेरा में बिना पंजीयन कराए मकान और जमीन बेचने की तो बात अलग है, अपने प्रोजेक्ट का प्रचार-प्रसार भी नहीं कर सकते। नवा रायपुर के 55 एकड़ में यह टाऊनशिप बन रही है।

अफसरों की जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित प्रमोटर द्वारा बिना रेरा पंजीकरण प्राप्त किए प्रोजेक्ट का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा आम नागरिकों को बुकिंग हेतु आमंत्रित किया गया। यह कृत्य अधिनियम की धारा-3 के स्पष्ट प्रावधानों का उल्लघंन है, जिसमें बिना पंजीकरण किसी भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का विज्ञापन, विपणन अथवा बिकी प्रतिबंधित है। प्राधिकरण द्वारा नियमित निगरानी के दौरान उक्त विज्ञापन संज्ञान में आने पर प्रकरण दर्ज किया गया तथा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया उल्लंघन प्रमाणित पाया गया। अतः प्राधिकरण ने अपने वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट कि संपत्तियों (भूखण्ड, मकान, इकाइयों) के ऋय-विक्रय एवं पंजीयन पर अंतरिम (प्रारंभिक) रोक लगाने का आदेश पारित किया है।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम



**रायपुर, 16 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में आज का दिन एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले के रूप में दर्ज किया जाएगा। लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में आयोजित विशेष सत्र के दौरान माननीय प्रधानमंत्री मा नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए 33त्र आरक्षण बिल प्रस्तुत किया गया। इसे स्वतंत्रता के बाद महिला सशक्तिकरण की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावशाली निर्णय माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक पहल से देश की महिलाओं को नीति-निर्माण, प्रशासन और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का सशक्त अवसर प्राप्त होगा। अब नारी शक्ति केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरकर देश, प्रदेश, शहर और गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्राम हतपान में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने महिलाओं के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा– नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33% आरक्षण देकर उन्हें सशक्त नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया है। यह निर्णय महिलाओं को आत्मनिर्भर, मजबूत और नेतृत्व के लिए प्रेरित करने वाला है। आज का यह दिन भारत के लिए ऐतिहासिक फैसले का दिन है। प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया यह निर्णय नारी शक्ति को उसका अधिकार दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### सामूहिक विवाह सम्पन्न

रायपुर, 16 अप्रैल। ग्राम नेवनारा स्थित चंडी आश्रम में छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज राज धमधा–तेलगा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस पावन अवसर पर उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में माँ भगवती देवी शाकम्भरी एवं चंडी माता की पूजा–अर्चना के साथ सामाजिक एवं धार्मिक वातावरण में सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विवाह संस्कार विधि–विधान से सम्पन्न हुए, जिससे पूरा वातावरण मंगलमय और आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत रहा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने नवविवाहित जोड़ों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

### स्वस्ति तिवारी ने दसवीं में प्राप्त किया 97% अंक



**रायपुर, 16 अप्रैल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ की छात्रा कुमारी स्वस्ति तिवारी ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार को गौरांवित किया। स्वस्ति आईआईटी के बाद आईएफएस (विदेश सेवा) ज्वाइन करना चाहती है। वे रायपुर सुंदर नगर निवासी तथा जे एस पी एल में कार्यरत मयंक तिवारी एवं आकांक्षा तिवारी की पुत्री है।

### यूसीसी आदिवासियों के हितों, अधिकारों पर डाका डालने की कोशिश : दीपक बैज



**रायपुर, 16 अप्रैल।** साय मंत्रिमंडल ने यूसीसी लागू करने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है, राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे है जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। इसके अलावा कोई भी वर्ग छत्तीसगढ़ में नहीं है जिसके लिए विशेष नागरिक प्रावधान लागू है। छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासियों की है, संरक्षित जनजातियां है, जिन्हें संविधान में कुछ विशेष अधिकार मिले है। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और 5 अनुसूची लागू है और भाजपा यूसीसी लाकर आदिवासियों के हितों में डकैती डालने की कोशिश में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरे गड़ाये हुए है। बस्तर में भाजपा के समर्थित उद्योगपतियों की नजर लग चुकी है और वह आदिवासियों की जमीन हड़पना चाहते है। यूसीसी लाने की कवायद इसीलिए है। राज्य के आदिवासियों के हितों को दरकिनार करके उद्योगपतियों के हितों को बढ़ावा देने की कोशिश है। आदिवासियों की जमीनें कानून दूसरा कोई ले नहीं सकता, इसलिए तमाम तरीके के रास्ते खोजने की शुरूआत की जा रही है।

### प्रदेश में यूसीसी लागू होने से समाज में समानता का मार्ग होगा प्रशस्त



**रायपुर, 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का स्वागत किया है। उन्होंने इस निर्णय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनके पूरे मंत्रिमंडल का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया है। डॉ. सलीम राज ने कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब देश किसी खास विचारधारा या तुष्टीकरण की राजनीति से चले। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश केवल और केवल संविधान से चलेगा, न कि किसी शरीयत या व्यक्तिगत कानून से। यही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत है। डॉ. राज ने कहा कि समान नागरिक संहिता का समर्थन करना हर नागरिक का कर्तव्य है ताकि समाज में समानता और विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता के पक्ष में है। उन्होंने पुरानी सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक समुदायों के बीच भ्रम और भय पैदा कर वोट बैंक की राजनीति की गई। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है।

### युवा कैट बिज़नेस मीट में रिकॉर्ड उपस्थिति



**रायपुर, 16 अप्रैल।** युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि युवा छ्ठ्ठ्ञ्ज द्वारा 12 अप्रैल 2026 को होटल किंग्सवे में एक भव्य एवं प्रभावशाली बिजनेस मीट का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रमुख व्यापारी, उद्यमी एवं विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायी शामिल हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना, नए व्यापारिक अवसरों की खोज करना एवं आपसी सहयोग को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और व्यवसाय के विस्तार तथा नवाचार पर सार्थक चर्चा की।८ बैंक द्वारा उपस्थित व्यापारियों को बिजनेस बैंकिंग, वर्किंग कैपिटल एवं वित्तीय सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26